संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार, 27 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 56 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक कार्यक्रम में उज्जवला गैस योजना के तहत कनेक्शन वितरित करते हुए।




## अग्निवीर' की तारीफ, पाकिस्तान दुश्मनी के लायक नहीं: निंभोरकर

**टीम एक्शनव इंडिया**

**लखनऊ :** एक कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राजेंद्र रामराव निंभोरकर ने अग्निवीर योजना की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह एक अग्निवीर योजना अच्छी है। इससे लोगों में अनुशासन आएगा और लोग सेना को जानेंगे। जो निकम्मा होगा उसे ही काम नहीं मिलेगा, बाकी सभी को काम मिल जाएगा। अग्निवीर से रिटयर होने के बाद बीस-पच्चीस लाख मिल जाएंगे। फिर उसे अनुभव के आधार पर काम मिल जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि सिर्फ 25 प्रतिशत सैनिकों को चार साल के बाद रोकना यह कम सही है। इसे बढ़ाना चाहिए।

**अनुच्छेद 370 हटाना ही चाहिए था:** लेफ्टिनेंट जनरल निंभोरकर ने कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना सही फैसला था। इससे आतंकवाद में कमी आएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि कश्मीर की समस्या हल करनी है तो 370 हटाना ही चाहिए था। उन्होंने कहा कि इसमें समय लग सकता है पर इससे निश्चित रूप से हालात बदलेंगे। अब वहां पत्थरबाजी की घटनाएं सामने नहीं आती हैं।

**राजनेताओं के बच्चे भी सेना में आने चाहिए:** उन्होंने कहा कि कश्मीर में गरीबी नहीं है। वहां के लोग कहते हैं कि हमने आज सिर्फ पनीर खाया है मांस नहीं खाया। ये लोग उतना गरीब नहीं है जितना कि भारत के अन्य हिस्सों के लोग हैं। एक सवाल के जवाब में निंभोरकर ने कहा कि देश के सभी सेवाओं से जुड़े लोगों को कम से कम तीन साल सेना मे काम करना चाहिए। राजनेताओं के बच्चे भी सेना में आने चाहिए। इससे पहले, उन्होंने कहा कि देखिए, मैं तो हमेशा यूथ की बात करता हूं। मैं हमेशा कहता हूं मैं क्रिकट का बड़ा फैन हूं, हम अपनी बैटिंग करके निकल गए अब आप लोगों को ही देखना है। मैं अपना एक अपना अनुभव शेयर करता हूं और इसके साथ ही मैं अपनी वाणी को विराम देता हूं। 1988 में जिया उलहक की डेथ हो गई थी उसके बाद एक पाकिस्तानी चौकी को काबिज करने का एक ऑर्डर मिला था। वहां पर तापतान काफी कम हो रहता था। पाकिस्तान की एक चौकी हमारे से काफी ऊंचाई पर थी और वहां से रोज फायर किए जाते थे। इसमें हमारे जवान घायल हो जाते थे। दो जेसीओ और आठ जवान इसमें शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि एक हम बंकर बना रहे थे और तभी एक गोली हमारे जवान को माथे को छूकर निकल गई। हमने उससे कहा तुम घबराना मत और हमारे पास वहां पर एक टेलीफोन होता था पुराने समय वाला। हमने उससे संपर्क किया और कहा कि हम अगर तुम्हारे पास आएंगे तो मारे जाएंगे। तुम पचास फीट पीछे चले जाओगे तो एक खाई है और उसमें वो तुम्हारे ऊपर फायर नहीं कर पाएंगे। मैंने उससे कहा जब हम बोले की मूव करो तो कुछ मत करना बस पीछे चले जाना, उसने कहा ठीक है साहब मैं करूंगा।

## 'देश की प्रगति रेल गति से आगे बढ़ रही'

### पीएम ने 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव रखी, आज के भारत ने छोटे सपने देखना छोड़ दिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज की आधारशिला रखी। इसके अलावा पीएम ने उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का भी उद्घाटन किया।

**छोटे सपना देखना छोड़ाः** पीएम मोदी ने कहा, 'आज का ये कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड से करता है। आज भारत जो करता है...अभूतपूर्व स्केल से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।' उन्होंने कहा कि आज रेलवे से जुड़ी दो हजार से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरूआत जून महीने से होने वाली है। लेकिन अभी से जिस स्केल और स्पीड से काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज 27 राज्यों के करीब 300 से अधिक जिलों में 550 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है।

आज यूपी के गोमती नगर के जिस रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा आज 1,500 से ज्यादा रोड, ओवरब्रिज, अंडरपास जैसी परियोजनाएं भी इसमें शामिल हैं।

### '10 वर्षों में हम सभी ने एक नया भारत बनते देखा'

**पीएम ने** कहा कि बीते 10 वर्षों में हम सभी ने एक नया भारत बनते देखा है और रेलवे में परिवर्तन तो साक्षात हम अपनी आंखों से देख रहे हैं। जो कभी कल्पना में सोचते थे, आज हम अपनी आंखों से देख रहे हैं। एक दशक पहले तक अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेन की कल्पना बहुत मुश्किल थी, एक दशक पहले तक नमो भारत जैसी शानदार रेल सेवा के बारे में किसी ने कभी सोचा नहीं था। रिपोर्ट के अनुसार, 533 रेलवे स्टेशनों को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से चुना गया है। स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। स्टेशनों पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## 'रक्षा विनिर्माण नीति तैयार करने वाला महाराष्ट्र भारत का पहला राज्य'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को पुणे के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी कन्वेंशन सेंटर में महाराष्ट्र एमएसएमई रक्षा एक्सपो-2024 का दौरा किया। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास, निर्यात और एफडीआई आकर्षण में प्रमुख योगदान देने वाले राज्यों में महाराष्ट्र का उल्लेख किया जाना चाहिए। रक्षा क्षेत्र में निजी निवेश की अनुमति के बाद रक्षा विनिर्माण नीति तैयार करने वाला महाराष्ट्र भारत का पहला राज्य था। महाराष्ट्र सरकार की ओर से आयोजित एमएसएमई एक्सपो महाराष्ट्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, निजी कंपनियों, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशालाओं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र इकाई (डीपीएसयू) की स्वदेशी क्षमताओं और नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है।




## डाक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य 'स्वयं से पहले सेवा' होना चाहिए: मुर्मू



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को नई दिल्ली में लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) के 107वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस मौके पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि आज चिकित्सा विज्ञान सिर्फ इलाज तक ही सीमित नहीं है। इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि गांधी जी ने भी चरित्र के बिना ज्ञान और मानवता के बिना विज्ञान को पाप बताया है। इसलिए डाक्टरों का प्राथमिक उद्देश्य पैसा कमाना नहीं बल्कि 'स्वयं से पहले सेवा' होना चाहिए।राष्ट्रपति ने आगे कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति के कारण भौतिक, डिजिटल और जैविक क्षेत्रों के बीच का अंतर कम हो रहा है। सिंथेटिक बायोलॉजी में हो रहे नए प्रयोग और क्लस्टर्ड रेगुलर इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट (सीआरआईएसपीआर) जीन एडिटिंग जैसी नई तकनीकें सदियों से चली आ रही समस्याओं का समाधान ढूंढने में मददगार साबित हो रही हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सा बिरादरी अपने पेशेवर जीवन में नैतिकता और उच्च मूल्यों के अनुसार काम करेगी और ह्यवन हेल्थ' के एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सभी समस्याओं को हल करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि लोग डॉक्टरों को भगवान मानते हैं, ऐसे में डॉक्टरों को इस नैतिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए और उसके अनुरूप व्यवहार करना चाहिए।

### दीक्षांत समारोह

**8 आज चिकित्सा विज्ञान सिर्फ इलाज तक ही सीमित नहीं है। इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया**

# किसान संगठनों व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर सीटू ने हमीरपुर में किया विरोध प्रदर्शन

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः किसान** संगठनों व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आवाहन पर हमीरपुर में सीटू ने जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि मोदी जब सत्ता में नही आए थे तब किसानों के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के आधार पर फ सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य देने और उनकी सरकार द्वारा उसी मूल्य पर फ सलों को खरीदने की गारंटी देते थे परंतु जब खुद सत्ता में आए तो न्यूनतम समर्थन मूल्य मांगने पर किसानों पर गोलियां चलाई जा रही हैं। सीटू देश में किसानों के आंदोलन का पूर्ण समर्थन करती है और मोदी सरकार द्वारा किसानों के आंदोलन को दबाने के लिए की जा रहे बर्बरतापूर्ण हमलों का कड़ा विरोध करती है। आज विरोध स्वरूप सीटू जिला कमेटी ने जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। उल्लेखनीय है कि देश में हुए ऐतिहासिक किसान आंदोलन के साथ मोदी सरकार द्वारा किए गए समझौते को लागू नहीं किया गया है और किसानों के साथ धोखा किया गया है। एमएसपी के लिए कानून नहीं बना है जिसके लिए देश के किसान लगातार आंदोलनरत है मगर मोदी सरकार किसानों की जायज मांगों को पूरा करने की बजाय बरतापूर्ण हमले कर रही है। ड्रोन से आंसू गैस के बम गिराए जा रहे हैं और पैलेट बुलेट का इस्तेमाल किया जा रहा है।




यहां तक की गोलीबारी में एक युवा किसान की मौत हो गयी कई लोग घायल हुए हैं और 100 से ज्यादा ट्रैक्टरों को नुकसान पहुंचाया गया है। सीटू मांग करती है किसी शहीद हुए किसान के परिवार को एक करोड़ रूपया मुआवजा दिया जाए और जिन किसानों के ट्रैक्टरों को नुकसान पहुंचाया गया है उसका उचित मुआवजा किसानों को दिया जाए। इस बर्बर हमले में शामिल अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए।

# भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला कार्यशाला का आयोजन

**हामिद**

**चंबाः भारतीय जनता** पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला चंबा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष अनिल ढकोग रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सीएल ठाकुर ने की। इस कार्यशाला में विशेष अतिथि के रुप में जिला अध्यक्ष भाजपा धीरज नरयाल, मंडल चंबा के अध्यक्ष महाराज बडियाल, मंडल महामंत्री देवेन्द्र शर्मा, चंबा कृषि बैंक के डॉयरेक्टर देसराज शर्मा, जिला प्रभारी पुरुषोत्तम, प्रदेश मीडिया सयोजक ज्ञान सिंह जरयाल, नेक सिंह, जिला महामंत्री जग्गो राम, कमलेश, चंबा कांगड़ा संसदीय क्षेत्र की आईटी प्रभारी पूजा ठाकुर, जिला की समस्त कार्यकारणी व भरमौर, चंबा, भटियात, चुराह, डलहौजी मंडलों के अध्यक्ष व कार्यकारणी सभी उपस्थित रहे।अनुसूचित जनजातीय भाजपा जिला अध्यक्ष कल ठाकुर ने बताया कि चंबा जिला से अनुसूचित जनजाति मोर्चा महा जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिस में हर कार्यकत्र्ता को बूथ स्तर पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का अभियान चलाया जाएगा।अनुसूचित जनजाति मोर्चा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन रात मेहनत करेगा।




## न्यूज फ्लैश

### दिल का दौरा पडने से ओडिसा के पर्यटक की मौत

**राज अग्रवाल**

**मनालीः दिल का दौरा** पडने से उड़ीसा के पर्यटक की मनाली में मौत हो गई है। पर्यटक अपने दोस्तों के साथ मनाली घूमने आया था। परिवार के आग्रह पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव दोस्तों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान चन्दन महन्तो पुत्र परमेश्वर महन्तो गांव वागडि?ा वार्ड न 28 डाकघर भोडिया समयकुण्डा जिला मयूरभंज उड़ीसा व उम्र 21 साल के रुप में हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि सिविल अस्पताल मनाली से पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति को मृत अवस्था में लाया गया है। उन्होंने बताया कि चन्दन महन्तो अपने दोस्तों शम्भूए सुनील व चन्दन भजदेव के साथ घूमने आया था। हालात बिगड? पर दोस्त उसे मिशन अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने चन्दन महन्तो को मृत घोषित कर दिया। डीएसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार दिल का दौरा पड? से चन्दन महन्तो की मृत्यु हुई है। मृतक के पिता परमेश्वर महन्तो के आग्रह पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव मृतक के दोस्तों को दे दिया है।

### दधोल में प्रगतिशील किसानों ने किया मांगों पर मंथन

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** प्रगतिशील कृषक संघ जिला बिलासपुर की बैठक संघ के प्रधान बीएल लखनपाल की अध्यक्षता में दधोल गांव में संपन्न हुई। जिसमें संघ के दिवंगत पदाधिकारियो के निधन पर 2 मिनट का शोक व्यक्त किया गया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए भी प्रार्थना की गई। इसके पश्चात कार्यकारिणी के सदस्यों ने सुझाव दिया कि कार्यकारिणी की बैठक त्रैमासिक आवश्यक रूप से की जाए तथा स्वयं सहायता समूहों के कैंपों का भी नियमित रूप से आयोजन किया जाए ताकि किसानों को नई-नई जानकारियां मिल सकें व स्वयं सहायता समूह द्वारा चलाई गई। इसके लिए कृषि विभाग बागवानी विभाग तथा डीआरडीए से भी कार्यकारिणी संपर्क करेगी और जो समूह निष्क्रिय हो चुके हैं कार्यकारिणी उन्हें भी क्रियाशील बनाया जाएगा। इस अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि जल्दी ही पडयालग तथा पट्टा गांव में कैंपों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न ग्रुपों के सदस्य भी भाग लेंगे। कार्यकारिणी की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की कार्यकारिणी के द्वारा प्रगतिशील किसानों तथा उनके बच्चों को पढ़ाई व खेलों में अग्रणी स्थान प्राप्त करने तथा कमजोर आर्थिक साधन वालों के लिए भी आर्थिक सहायता तथा पुरस्कार देगी। बैठक में मुख्य रूप से हरि सिंह ठाकुर, हेमराज शर्मा, रीता देवी,रवि ठाकुर, कपिला देवी, तृप्ता देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### दरिद्र नारायण कल्याण समिति घुमारवीं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः ग्राम पंचायत** तलवाड़ा के अंतर्गत धरवाड़ा में दरिद्र नारायण कल्याण समिति घुमारवीं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन संयोजक सीताराम कौंडल सेवानिवृत्ति डीएसपी तथा सह संयोजक सतीश सोनी द्वारा किया गया। इस रक्तदान शिविर में क्षेत्र के 60 महिला और पुरुषों, युवक तथा युवतियां ने रक्तदान किया। इस आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों के साथ समिति के प्रधान शहजाद सिंह चैहान, महासचिव जगदीश सेवा निर्मित जीवन बीमा अधिकारी तथा दरिद्र नारायण कल्याण समिति के अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर डॉक्टरों की टीम द्वारा रक्तदान शिविर में रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर में स्थानीय लोगों द्वारा जलपान रिफ्रेशमेंट तथा भोजन का भी प्रबंध किया गया। रक्त वीरों को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय डॉक्टर अमी चंद्र शर्मा ने रक्तदान करने हेतु भवन सुविधाओं सहित उपलब्ध करवाया, नरेंद्र ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।



## भजन गायक अभिषेक सोनी देवभूमि अचीवर अवार्ड-2024 से सम्मानित

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः धार्मिक** गायन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके भजन गायक अभिषेक सोनी को शिमला में देवभूमि अचीवर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। शिमला के कालीबाड़ी हॉल में विशाल इवेंट गुरु द्वारा आयोजित सम्मान में सांसद सुरेश कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने भजन गायक अभिषेक सोनी द्वारा भजन गायन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य की भी सराहना की। इस समारोह में प्रदेश की उन विभूतियों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने अलग अलग क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। इसी कड़ी में भजन गायक अभिषेक सोनी द्वारा हिमाचल के पौराणिक भजनों को संजोए रखने और धार्मिक गायन क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इससे पहले भी अभिषेक सोनी को शिमला में बेस्ट डिवोशनल सिंगर इन हिमाचल प्रदेश और कांगड़ा में हिम आइकन अवार्ड से नवाजा जा चुका है।



## 'शिमला माल रोड पर मर्डर, प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल'

**चमन शर्मा**

**शिमलाः भाजपा मीडिया** प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा की शिमला शहर माल रोड पर, रिपोर्टिंग रूम के सामने स्थित एक रेस्टोरेंट में रात 2 बजे एक हत्या का मामला सामने आया, इससे शिमला और प्रदेश की जनता में दहशत का माहौल है। 21 साल के युवा लडके की हत्या ने प्रदेश हो हिला कर रख दिया है, जनता को साफ लग रहा है की हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत खस्ता हो गई है। क्या यह ही कांग्रेस पार्टी की व्यवस्था परिवर्तन है। गौरतलब यह वही रेस्टोरेंट है जहां कुछ रोज पूर्व बॉम्ब फटने की वारदात हुई थी, पर अभी तक भी उस घटना पर प्रशासन ने कोई उचित संज्ञान नहीं लिया। उस घटना में भी 2 लोगों ने अपनी जान गवाई थी। हम आज हुई हत्या को लेकर भी सरकार से हाई लेवल इंक्वायरी की मांग करते है। उन्होंने कहा जिस प्रदेश में सत्ता धारी पार्टी के विधायक सुरक्षित नही है वो सरकार जनता की क्या सुरक्षा करेगी। हिमाचल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली है। सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री और डीजीपी को शिकायत की है कि कांगड़ा के ही एक कांग्रेस नेता ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को सुपारी दी है। इसकी सूचना पंजाब के ही लिंक से सुधीर शर्मा को भी मिली। विधायक को उनके निजी स्टॉफ के फोन पर धमकी भरे कॉल आए हैं, जिसकी पुष्टि खुद विधायक सुधीर शर्मा ने शनिवार को धर्मशाला में एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए की। उन्होंने कहा की शिमला शहर में विधान सभा का आयोजन किया गया है और शहर एक छावनी बना हुआ है तब भी मॉल रोड पर मर्डर होना प्रशासन पर बड़ा सवाल है। लगता है सरकार प्रशासन की शक्तियों को केवल अपने लिए इस्तेमाल करना चाहती है, कुछ रोज पूर्व मुख्यमंत्री ने कंडाघाट में एक बस को पास ना देने पर बस के ऊपर कड़ी कार्यवाही करवाई थी। उस बस के बड़ी मात्रा में चलाना भी करवाया गया था। हम आशा करते है की सरकार और प्रशासन जल्द होश में आए।



## नवयुवक मंडल नैनीधार द्वारा नेहरू युवा केंद्र के सहयोजन से खेलकूद हुई आयोजित

**एसपी जैरथ**

**नाहनः नवयुवक** मंडल नैनीधार द्वारा आज नेहरू युवा केन्द्र के सहयोजन से खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता खंड स्तरीय करवाई गई। जिसमें कबड्डी में15 काटीम तथा वॉलीबाल में 16 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के मुख्यातिथि मदन ठाकुर पूर्व अध्यक्ष नवयुवक मंडल नैनीधार रहे। कबड्डी में प्रथम विजेता नैनीधार की टीम रहीए जबकि द्वितीय विजेता शंखोली की टीम रही। वहीं वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रथम विजेता शंखोली और द्वितीय विजेता नैनीधार रहा। एथेलेटिक्स में 100 मीटर आयुष ठाकुर प्रथम, 200 मीटर विशाल भारद्वाज प्रथम और 1500 मीटर में मनीष ठाकुर प्रथम रहे। वहीं लम्बी कूद प्रतियोगिता में रणवीर राणा प्रथम रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये तथा ट्रॉफी द्वितीय पुरस्कार 2100 रुपये तथा ट्रॉफी दी गई।



## मलांगड़ में शराब पी रहे युवक के साथ मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। पुलिस थाना** बंगाणा के तहत मलांगड़ में शराब पी रहे एक युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल युवक को उपचार के लिए बंगाणा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विकास ठाकुर निवासी धुंधला ने बताया कि रविवार रात्रि अपने दोस्त के साथ मलांगड़ अहाता में बैठकर शराब पी रहा था। इतने में अनुज निवासी ननांवी आया और मेरे साथ गाली गलोच करने लग पड़ा।

## राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस 3 मार्च, 2024 को कुल्लू जिला में पिलाई जाएगी 31,521 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः उपायुक्त** कुल्लू तोरुल एस रवीश ने गत दिवस को जिला टास्क फ ोर्स की पोलियो ड्रॉप्स पिलाने की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिले में 3 मार्च को राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस पर शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ग के 31521 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य को पूरा करने के लिए 402 बूथ स्थापित किये जाएंगे।उन्होंने कहा कि पोलियो ड्रॉप्स पिलाने के लिए 803 दलो का गठन किया गया है।जिसमे 1607 कर्मचारियों को तैनात किया जायेगा।इसके अलावा 10 स्थान पर ट्रांजिस्ट शिविर लगाए जाएंगे, जहां पर बसों व अन्य वाहनों में आने जाने वाले बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएगी। इसके अलावा 10 मोबाइल दल भी पोलियो ड्रॉप्स पिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे उन्होंने आयुष विभाग, डीआरडीए व पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की पोलियो ड्रॉप्स अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग को सहयोग दे ताकि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो ड्रॉप्स पीने से वंचित न रहे।उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देश दिए कि ऐसे स्थलों जहां पर कामगारों की अधिक संख्या है वहां पर पोलियो ड्रॉप्स पिलाने के लिए विशेष तैयारी प्रबन्ध करें ताकि कोई भी बच्चा पोलियो ड्राप पीने से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि यदि कोई बच्चा किसी कारणवश 3 मार्च को पोलियो ड्रॉप्स पीने से वंचित रह जाता है

## 'लाहुल पोटेटो सोसायटी व किसानों के हित में नहीं है तथ्यहीन आरोप'

**राज अग्रवाल**

**मनालीः लाहु**ल पोटैटो सोसायटी के चेयरमैन सुदर्शन जस्पा ने कहा कि पूर्व चैयरमैन व कुछ लोग राजनीतिक इशारे पर तथ्यहीन व्यानबाजी कर रहे हैं जो सोसायटी के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को खुद किसानों ने धक्के मारकर बाहर दिखाया था आज वो ही लोग सोसायटी के हित की बात करते हुए तथ्यहीन आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व चैयरमैन व कुछ लोग राजनीतिक इशारे पर काम कर रहे हैं। जिसके चलते सोसायटी को भारी नुकसान हो रहा है। जो पूर्व चेयरमैन सोसायटी के हित की बात कर रहे हैं वो लाहुल में लगाए जा रहे सोसायटी के पेट्रोल पंप लगाए जाने के कार्य में रोड़ा अटका रहे हैं। सोसायटी के रायसन स्थित प्रोसेसिंग यूनिट का जो साढ़े 4 करोड़ धन प्रदेश सरकार के पास पड़ा है अगर यह मिल जाता है तो सोसायटी की काफ ी देनदारियां कम होंगी। सुदर्शन जस्पा ने कहा कि तथ्यहीन आरोप लगाने वाले लोग अगर अपने कार्यकाल में सही काम करते तो आज सोसायटी करोड़ों की देनदारी पर खड़ी नहीं होती। जस्पा ने कहा कि यह वही पुरानी देनदारियां हैं जो पूर्व कार्यकारिणी के वित्तीय कुप्रवन्धन के चलते खड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक सोसायटी की संपत्ति बेचने के आरोप जो उन्होंने लगाए हैं वो चेयरमैन का निजी मसला नहीं है। यह निर्णय प्रवंधन समिति सहित समस्त किसानों का था। यह इसलिए भी जरूरी था कि 2010 से 2020 की ऑडिट रिपोर्ट में हर बार प्रश्नचिन्ह लगता था कि बेकार पड़ी सम्पत्ति को बेचकर सोसायटी के कर्ज को कम किया जा सकता है। जस्पा ने कहा कि किसानों के हित में बेकार पड़ी सम्पत्तियों को बेचा गया है।



## सीटू जिला कमेटी ने देश के किसानों के समर्थन में किया धरना

**हामिद**

**चंबाः सोमवार को** संयुक्त किसान मोर्चा, मजदूर संगठनों के आह्वान पर जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को सीटू जिला महासचिव सुदेश व जिला अध्यक्ष नरेंद्र ने संबोधित किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए महासचिव सुदेश ने कहा कि देश में किसानों मजदूरों के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ आज पूरे देश में प्रदर्शन हो रहे हैं मोदी सरकार लगातार अपनी जन विरोधी नीतियों से बाज नहीं आ रही है। किसानों के अपनी मांगों को लेकर दिल्ली आने के एलान के बाद हरियाणा की खट्टर सरकार ने शांति पूर्ण प्रदर्शन को रोकने के लिए लोहे की कीलें, कंक्रीट की दीवारें खड़ीं कर दी। पिछले आंदोलन में 700 से अधिक किसानों की शहादत हो गई थी। दिल्ली आने वाले किसानों के खिलाफ इस बार भी बर्बर अत्याचार किया गया है। के तोड़े गए। गाडियों को नुकसान पहुंचाया गया जिसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए उचित मुआवजा मिलना चाहिए। नौजवान लडके हत्त्या कर दी गई जोकि राजनैतिक हत्त्या है जिसका मुकदमा मनोहर लाल खट्टर व गृह मंत्री अमित शाह पर दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग स्वामीनाथन आयोग की सिफ ारिश को लागू किया जाना चाहिए, केंद्र सरकार न्युनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दे। किसानों के कर्ज माफ होने चाहिए। इसी के साथ मजदूरों के खिलाफ लाये गए लेबर कोड निरस्त किये जाएं। सरकार लेबर कोड लागू करके मजदूरों को बंधुआ मजदूरी की तरफ धकेलना चाहती है और पूंजीपतियों को फ ायदा देना चाहती है! सीटू इसका कडा विरोध करती है और भविष्य में मजदूरों और किसानों की मांगों को लेकर आंदोलन को तेज किया जाएगा



## शिमला में आधी रात बेकरी में काम करने वाले युवक की हथियार से हत्या

**चमन शर्मा**

**शिमलाः शिमला के मॉलरोड पर पुलिस कंट्रो**ल रूम के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने रविवार देर रात तेजधार हथियार से युवक की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी ने आधी रात दुकान में घुसकर युवक की हत्या की, उसके बाद आरोपी मौके से फ रार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने हत्या के आरोपी की पहचान कर ली है, जिसकी जल्द गिरफ्तारी होगी। मृतक की पहचान मनीष 21 निवासी कुपवी चौपाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी रात डेढ़ बजे तेजधार हथियार लेकर बेकरी में घुस गया और बेकरी में काम करने वाले मनीष पर जानलेवा हमला किया, जिससे युवक बुरी तरह से लहूलुहान हो गया। इसके बाद घायल मनीष खुद उस हथियार को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम की ओर भागा, जिससे उस पर जानलेवा हमला किया गया।



# प्रधानमंत्री ने किया बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन के पुर्नविकास का शिलान्यास

## प्रदेश में रेलवे विस्तार और आधुनिकीकरण से बढ़ेंगी पर्यटन गतिविधियां : राज्यपाल

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 13,168 करोड़ रुपये के रेलवे परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिससे पहाड़ी प्रदेश में रेल नेटवर्क सुदृढ़ होगा और लोगों को और बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध होंगी। राज्यपाल आज कांगड़ा जिले के बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। वह यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल तौर पर अमृत भारत योजना के अन्तर्गत देश भर में एक साथ 554 स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1585 रोड ओवरब्रिज और अंडरपास के लोकार्पण एवं शिलान्यास अवसर पर उपस्थित थे। इन परियोजनाओं में हिमाचल प्रदेश के भी बैजनाथ पपरोला स्टेशन तथा



एक रोड ओवरब्रिज और अंडरपास को भी शामिल किया गया है। उन्होंने प्रदेश के लिए इन परियोजनाओं की आधारशिला के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि बैजनाथ पपरोला स्टेशन का भी अमृत भारत स्टेशन योजना में जीर्णोद्धार होगा और विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप स्टेशन निर्मित होने से शिव भूमि बैजनाथ में पर्यटकों की आमद बढ? से यहां लोगों को लाभ होगा।राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में रेलवे द्वारा यात्रियों की सुगम व बेहतर यात्रा के लिए अनेकों कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 के बजट में रेल के विकास के लिए हिमाचल प्रदेश को अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड 2081 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जो वर्ष 2009 से 2014 के औसत बजट 108 करोड़ रुपए से 25 गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई रेल लाइनों के निर्माण, दोहरीकरण और रेल मार्गों के विद्युतीकरण में भी अभूतपूर्व गति से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में बीते 10 वर्षों में लगभग 49 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया गया है। हिमाचल में 1 भारत ट्रेन भी चलाई जा रही है, जो राज्य के लोगों को तेज, सुगम और सुविधाजनक यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवा रही है। इससे पूर्व, राज्यपाल तथा लेडी गवर्नर ने ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में पूजा अर्चना भी की।

# सोझा गांव के नीचे से न हो सुरंग का निर्माण, ग्रामीणों ने विधायक शौरी को सौंपा ज्ञापन

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 पर जलोड़ी** टनल के निर्माण की दस्तावेजी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। टनल निर्माण के सभी विकल्पों में से अंतिम चयन की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। विभाग द्वारा सुझाए गए सर्वों में से टनल निर्माण का एक सर्वे सोझा गाँव के ठीक नीचे से होकर गुजरने वाला है। जिसपर सभी ग्रामवासियों ने एकजुट होकर आपत्ति जताई है। ग्रामवासियों का कहना है कि टनल निर्माण के 9 विकल्पों पर विभाग द्वारा अभी तक सर्वे किया गया है, जिनमें से एक सोझा गाँव के ठीक नीचे से गुजरने वाला है। इस सर्वे को छोडकर वाकी के आठ सर्वे पर विभाग को विचार करना चाहिए व अंतिम चयन करना चाहिए। यदि टनल का निर्माण गाँव के नीचे से होकर किया जाता है तो इससे गाँव का अस्तित्व ही खतरे में



आ जाएगा। यह सर्वे बाकी के सभी सर्वे से लंबा है। इन्हीं कारणों से गाँववासी इस सर्वे के विरोध में हैं व चाहते हैं कि अन्य आठ विकल्प पर सरकार व विभाग विचार करे। शनिवार को गाँववासी अपनी माँग को लेकर बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी से मिले व माँगपत्र सौंपा। विधायक शौरी ने कहा है कि गाँववासियों की आपत्ति सही है। टनल निर्माण के लिए अन्य सर्वे व विकल्प मौजूद हैं। ऐसे में पूरे गाँव व स्थानीय पारिस्थिकी तंत्र को प्रभावित करने वाले सर्वे को दरकिनाक किया जाना चाहिए व अन्य सर्वे को अंतिम रूप दिया जाना चाहिए। विभाग व सरकार के समक्ष इस माँग को पुरजोर तरीके.से उठाने का विधायक सुरेंद्र शौरी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है।

# सिरमौर की बल्धवा चूना पत्थर खान को लगातार 34वीं बार सर्वश्रेष्ठ खान पुरस्कार: तिवारी

**एसपी जैरथ**

**नाहनः खान सुरक्षा** महानिदेशालय गाजियाबाद क्षेत्र के तत्वाधान में हरियाणा के हिसार में 34वां खान सुरक्षा सप्ताह का पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। खान सुरक्षा महानिदेशालय गाजियाबाद क्षेत्र के उप महानिदेशक खान सुरक्षा एसडी छिद्दरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति थे जिसमें अर्ध मशीनीकृत वर्ग में सिरमौर जिले की जयसिंह ठाकुर की बल्दवा लाइम स्टोन खान को लगातार 34वीं बार बेस्ट ओवरऑल परफ ेरमेंस में सर्वश्रेष्ठ खान के पुरस्कार से नवाजा गया जबकि



सिरमौर जिले की सुप्रियांक वालिया की भूतमढ़ी लाईम स्टोन माइन को द्वितीय और मैं. कुश परमार की बागानधार लाइम स्टोन माइन को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा उच्च मशीनीकृत वर्ग में अल्ट्राटेक की बागाबलघ लाइम स्टोन को प्रथम, अंबुजा सिमेंट कशलोग लाइम स्टोन माइन द्वितीय और एसीसी की बरमाना लाइम स्टोन माइन को तृतीय पुरस्कार मिला।

# खानपुर में मनाई संत ज्ञान सिंह की 24वीं बरसी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। ऊना विधानसभा** क्षेत्र के गांव खानपुर के डेरा बाबा गोविंद दास में संत बाबा ज्ञान सिंह की 24वीं बरसी सोमवार को मनाई गई। गद्दी नशीन संत रविंद्र दास ने बताया है कि डेरा बाबा गोविंद दास में संत ज्ञान सिंह की 24वीं वरसी बड़ी श्रद्धा से मनाई गई। जिसमें गुरु ग्रंथ सहिब का पाठ आरंभ किया गया, जिसके सोमवार को भोग डाले गए। इसके उपरांत दोपहर बाद गुरु का लंगर बरताया गया। बरसी समागाम में संत महापुरषों ने आई हुई संगत को कीर्तन द्वारा भगवान से जोड़ा। इस समागम में संत बाबा चरण जीत सिंह बेदी ऊना वाले, संत माखन सिंह मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक पर पत्रकार के अपहरण और मारपीट करने का आरोप

## पत्रकार ने पुलिस में दर्ज करवाई रिपोर्ट

**एसपी जैरथ**

**नाहनः जिला सिरमौर** के उपमंडल पांवटा साहिब में अवैध खनन के खिलाफ खबर लगाने पर पत्रकार का अपहरण करने व हत्या के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप कांग्रेस के पूर्व विधायक पर लगाए हैं। पुलिस जानकारी के अनुसार, पत्रकार जसवीर सिंह अपने घर के नजदीक यमुना विहार में सैर कर रहे थे इसी दौरान बाइक और एक यूटिलिटी में 5-6 लोग आए और पत्रकार को जबरन उठाकर यमुना के रास्ते पुर्व विधायक किरनेश जंग के क्रेशर पर ले गए जहां पत्रकार को बंधक बनाया गया, उसके साथ मारपीट की गई। इस दौरान पत्रकार को



अवैध खनन के खिलाफ खबर न लगाने की धमकियां दी गई। इतना ही नहीं पत्रकार की पत्नी को भी फ ोन कर धमकाया गया कि अगर पत्रकार ने खनन के खिलाफ लिखना नहीं छोड़ा तो जान से मार दिया जाएगा। उसके बाद पुलिस पत्रकार को क्रेशर से छुड़वाकर थाने लेकर गई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। इस बारे में जसवीर सिंह ने बताया कि यमुना नदी में पाइप डालकर अवैध खनन किया जा रहा था जिसकी खबर उन्होंने चार दिन पहले लगाई थी। इस खबर से बोखलाए पूर्व विधायक और उनके लोगों ने उन पर हमला किया है। जिस वक्त उनके साथ मारपीट हो रही थी उसी वक्त पूर्व विधायक किरनेश जंग, प्रदीप चौहान भी क्रेशर पर मौजूद थे और उन्होंने भी उनके साथ मारपीट की। उन्होंने बताया कि जिस वक्त वह घर के पास सैर कर रहे थे उनका एक मित्र भी सैर कर रहा था जिसके सामने उनको जसवंत सिंह ठक्कर, साहिल, सोनू, मोनू, और अन्य कई लोगों द्वारा जबरन गाड़ी में डालकर अपहरण किया गया और पूर्व विधायक किरनेश जंग के क्रेशर पर ले जाकर उनके साथ मारपीट की गई।

# एसडीएम ने आपदा के दौरान होने वाले फील्ड अनुभवों को किया साझा

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। टास्क फोर्स** का निर्माण योजना के तहत बेहतर आपदा प्रबंधन के लिए बंगाणा में चल रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। समापन अवसर पर एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने आपदा के दौरान होने वाले फील्ड के अनुभवों को साझा किया गया। उन्होंने सभी स्वयंसेवियों को आपस में तालमेल बना के रखने को कहा, ताकि आपदा के दौरान सभी स्वयंसेवी कम से कम समय में प्रतिक्रिया दे सके और आपदा से होने वाले नुकसान को कम से कम किया जा सके।

उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से आपातकालीन संपर्क नंबर पर आपदा की सही एवं सटीक जानकारी भी उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि आधी अधूरी जानकारी से सही प्रतिक्रिया देने में मुश्किल आती है। इस अवसर पर कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री, मनीषा कुमारी, अरुण कुमार, कार्तिक एवं मनु कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अली खड्ड बचाओ अभियान को लेकर महापंचायत 3 मार्च को

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः अली खड्ड** बचाओ अभियान पानी बचाने हेतू त्रिवेणीघाट में चल रहा आंदोलन आज 34वें दिन में प्रवेश कर गया है। इसी के साथ क्रमिक अनशन को सोमवार को 18 दिन हो गए हैं। संघर्ष समिति और जनप्रतिनिधियों ने तय किया है कि मांगे ना पूरी होने तक यह अभियान इसी प्रकार जारी रहेगा। 3 मार्च रविवार को अली खड्ड के पानी को बचाने हेतू किसान महापंचायत त्रिवेणीघाट चलो का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए इस अभियान के अभियान के संयोजक रजनीश शर्मा ने बताया कि इस महापंचायत में समस्त प्रभावित पंचायत के जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग, महिला मंडल, युवक मंडल, राम नाटक क्लब समितियां इत्यादि विशेष रूप से आमंत्रित किया



गया है। उन्होंने बताया कि पीने के पानी और सिंचाई के पानी से प्रभावित होने वाली पंचायत के लोगों को घरण्घर जाकर जन जागरण व जागरूकता अभियान चलाया गया है। गौरतलब है कि इन क्षेत्रों में चार-चार दिन बाद पीने का पानी आता है अगर यह योजना उठ जाएगी तो यहां के लोग जीव जंतु एवं पशु पीने के पानी से भी वंचित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि नवगांव, जुखाला, सुईं सुरहाड़, धार टटोह, साई खारसी पंचायत में संघर्ष समिति द्वारा जन जागरण अभियान के तहत 3 मार्च के लिए भारी संख्या में लोगों को पहुंचने व हिमाचल प्रदेश सरकार के समक्ष पानी की इस योजना को तुरंत रद्द करने, जनप्रतिनिधियों पर बनाए गए झूठे मुकदमो को वापस लेने तथा बिलासपुर और अर्की के लोगों की पानी की समस्या को दूर करने के लिए सतलुज से पानी लाने हेतु विशेष योजना बनाने के लिए लोगों की मांग को समर्थन करने हेतु निमंत्रण दिया जा रहा है।

# छठें स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर सदस्यों के साथ मिलकर बैठक की

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः टीम सहभागिता** ने बैठक परिसर सदर थाना कुल्लू में अपने छठें स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर सभी सदस्यों के साथ मिलकर एक बैठक की, जिसमें कार्यक्रम की तैयारी हेतु अलग अलग कमेटी गठित की गई। इस बैठक में जलपान, एडवांस पार्टी, स्टेज, मीडिया आदि के लिए अलग अलग कमेटी बनाई गई। बैठक में सदर थाना कुल्लू के एसएचओ निर्मल चंद ने विशेष रूप से शिरकत की तथा टीम के सदस्यों के कार्यों की सराहना की।सहभागिता के प्रदेशाध्यक्ष बीजू ने बैठक में बताया कि संस्था के छठें स्थापना




दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के उद्घघाटन समारोह में डॉ कार्तिकेयन गोकुलचन्द्रन, पुलिस अधीक्षक कुल्लू तथा समापन समारोह में किंग ऑफ .नाटी ठाकुर दास राठी, हिमाचली लोक गायक मुख्यतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता टीम सहभागिता के संस्थापक सदस्य तथा उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र डॉ लाल सिंह करेंगे।

# बसोली में जिस्मफरोशी के धंधे का हुआ पर्दाफाश

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**सदर थाना के** तहत बसोली में पुलिस ने टी स्टॉल की आड़ में जिस्मफरोशी के धंधे का पदार्फाश किया है। पुलिस ने मामले में जहां एक महिला को हिरासत में लिया है, जबकि दो प्रवासी युवतियों को रेस्क्यू किया गया है। पुलिस ने महिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि बसोली में एक चाय की दुकान में गरीब व लाचार व आर्थिक रूप से तंग महिलाओं को बहला फुसलाकर व पैसों का लालच देकर एक महिला जबरदस्ती जिस्मफरोशी का धंधा करवा रही है। सूचना के आधार पर रविवार रात्रि को पुलिस टीम दो युवकों को ग्राहक बनाकर दुकान पर भेजा। जहां पर पहुंचने के बाद दोनों युवकों ने एक महिला द्वारा एक-एक हजार रुपये में डील तय होने की बात कही। जिसके बाद पुलिस ने दबिश देते हुए पुलिस ने दोनों फर्जी ग्राहकों संग कमरे में लडकी को पाया। दोनों लड़कियां उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी, जिसे पुलिस ने रेस्क्यू कर वन स्टॉप सेंटर ऊना भेजा गया। युवतियों से पूछताछ के दौरान पता चला कि महिला दलाल सर्वजीत कौर जिस्म फरोशी का धंधा करवाने के लिए बसोली में लाती थी। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने महिला दलाल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# सुक्खू सरकार ने बजट में रखा समाज के हर वर्ग का विशेष ख्याल: राजेंद्र ठाकुर

**मीटिंग**

**8 राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संगठन का जनरल हाउस मंडी में आयोजित किया गया**

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः हिमा**चल प्रदेश के वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में एचजीसीटी, अध्यक्ष एवं एआईफुक्टो उपाध्यक्ष डॉ. बनिता सकलानी की अध्यक्षता में हिमाचल राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संगठन का जनरल हाउस मंडी में आयोजित किया गया। यह जानकारी हिमाचल गवर्नमेंट कॉलेज टीचर एसोसिएशन के राज्य महासचिव डॉ संजय कांगो ने दी। उन्होंने कहा कि जनरल हाउस एचजीसीटीए चुनाव के चार महीने बाद आयोजित किया गया था। जनरल हाउस में 35 विभिन्न कॉलेजों के लगभग 130 शिक्षकों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय सम्मेलन में कॉलेज शिक्षकों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर चर्चा की गयी और उन मांगों को पूरा करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक



के दौरान ज्वलंत मांगों को लेकर विभिन्न मुद्दे उठाए गए और निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन मांगों को सरकार तक मजबूती से उठाएगी। राज्य के कॉलेज शिक्षकों ने ज्वाइनिंग तिथि से परिणामी लाभ देने के पक्ष में कोर्ट के फैसले को प्राथमिकता से लागू करने की मांग की है। उच्च शिक्षा में शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। यूजीसी की सिफारिशों के अनुसार सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष तक बढ़ाई जानी चाहिए। एमफि ल और पीएचडी डिग्री धारकों की वेतन वृद्धि को बहाल किया जाना चाहिए। 2014 के बाद एमफिल व पीएचडी की इंक्रीमेंट रोकना दुर्भाग्यपूर्ण हैं। शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए अनुसंधान को शोध कार्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एमफि ल व पीएचडी की इंक्रीमेंट सभी योग्य महाविद्यालय प्रोफेसर के लिए लागू की जाए। हिमाचल गवर्नमेंट कॉलेज टीचर एसोसिएशन ने मांग की कि अनुबंध के आधार पर काम करने वाले प्रोफेसरों को यूजीसी नियमों के अनुसार न्यूनतम वेतन प्रदान किया जाये।

# अमरनाथ शर्मा बने पैंशनर्ज वेलफेयर यूनिट हटवाड़ के प्रधान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः पैंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन** जिला बिलासपुर के खण्ड घुमारवीं की हटवाड़ इकाई की बैठक इकाई के अध्यक्ष बलदेव रत्न की अध्यक्षता में 25 फरवरी को स्थानीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भवन के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला प्रधान जगदीश दिनेश, प्रदेश महासचिव ठाकुर हुकम सिंह, घुमारवीं खण्ड प्रधान लेख राम शर्मा, खण्ड सचिव नरोत्तम धीमान, भराड़ी इकाई के कोषाध्यक्ष कुलवंत ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इकाई प्रधान बलदेव रत्न ने सभी का स्वागत करते हुए आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ताओं में कुलवंत ठाकुर, नरोत्तम धीमान



और लेख राम शर्मा ने पैंशनर्ज की मुख्य समस्याओं और संगठन की मजबूती पर प्रकाश डाला। जिला प्रधान जगदीश दिनेश ने जिला की गतिविधियों और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आश्वासन दिया कि पैंशनर्ज की एकता के बल पर पैंशनर्ज की सारी समस्याओं का निदान होता रहा है और भविष्य में भी होता रहेगा। प्रदेश महासचिव ठाकुर हुकम सिंह ने प्रदेश कार्यकारिणी की गतिविधियों और पैंशनर्ज हित की प्राप्ति के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। तत्पश्चात इकाई प्रधान बलदेव रत्न द्वारा अपनी कार्यकारिणी को भंग करने के पश्चात आगामी सत्र हेतु चुनाव प्रक्रिया आरम्भ हुई। जिसमें जिला प्रधान जगदीश दिनेश ने पर्यवेक्षक और नरोत्तम धीमान ने सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। जिसमें सर्वसम्मति से अमरनाथ शर्मा को इकाई का प्रधान, रत्न लाल शर्मा को सचिव, प्रकाश चन्द कौण्डल को वरिष्ठ उपप्रधान, प्रकाश चन्द को कोषाध्यक्ष तथा बलदेव रत्न को मुख्य सलाहकार चुना गया। प्रधान व सचिव को अपने सारे क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए कार्यकारिणी के विस्तार के लिए सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।

# कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विपक्ष का सरकार पर हमला, विधानसभा में गूंजा शिमला में हुआ निर्मम हत्याकांड

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमाचल प्रदेश** की राजधानी शिमला के माल रोड़ पर ठीक पुलिस रिपोर्टिंग रूम के सामने हुए निर्मम मनीष हत्याकांड, विधायक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुधीर शर्मा को जान से मारने की धमकी और बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए कातिलाना हमले का मामला सोमवार को प्रदेश विधानसभा में जोर-शोर से गूंजा और विपक्ष ने इन तीनों मुद्दों पर सरकार पर जोरदार हमला बोला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही प्वाइंट ऑफ आर्डर के माध्यम से प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति का मुद्दा उठाया और कहा कि राजधानी शिमला के




माल रोड पर बीती रात दिल दहलाने वाली घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि माल रोड़ पर पुलिस रिपोर्टिंग के सामने मनीष की निर्मम हत्या हो गई और पुलिस सोती रह गई। यही नहीं, मनीष का हत्यारा प्रदेश से बाहर भी चला गया और पुलिस सिर्फ लकीर पीटती रह गई। उन्होंने कहा कि माल रोड पर हुआ हत्याकांड कानून व्यवस्था की दृष्टि से बहुत गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि सरकार विधायकों की तो लोकेशन ट्रैक करती है, लेकिन माल रोड पर हत्याकांड का आरोपी प्रदेश से बाहर चला जाता है और पुलिस उसका सुराग भी लगा पाती। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा को जान से मारने की धमकी और बिलासपुर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर दिन दिहाड़े हुए कातिलाना हमले का मामला भी उठाया और कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। विधायक सुधीर शर्मा ने उन्हें धमकी देने का मामला उठाते हुए कहा कि इस मामले को उन्होंने मुख्यमंत्री और डीजीपी से उठाया और विस्तृत चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार इस पर कदम उठा रही है। उन्होंने धर्मशाला में केंद्रीय विवि के मामले पर भी बात रखी और कहा कि इस पर सरकार क्या कदम उठा रही हैए सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट करे। क्योंकि उनके हलके की जनता इस मामले पर सरकार का स्पष्टीकरण चाह रही है। चौपाल के विधायक बलबीर वर्मा ने कहा कि उनके हलके के युवक मनीष को तेजधार हथियार से मारा गया है और जिसने माराए वह दूसरे राज्य का था और वह माल रोड पर वारदात को अंजाम देने के बाद भाग गया और पुलिस सोती रही। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद आरोपी युवक पहले कसुंपटी और फि र बस अड्डे गया और फि र वहां से चंडीगढ़ भी पहुंच गया, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही। वर्मा ने कहा कि चौपाल के लोग इस घटना से भारी आक्रोषित हैं और तब तक मनीष के शव को घर ले जाने को तैयार नहीं है।

# एसजेवीएन ने जेकेपीसीएल के साथ विद्युत उपयोग करार पर हस्ताक्षर किए

**चमन शर्मा**

**शिमलाः एसजेवीएन ने** अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड एसजीईएल के माध्यम से जम्मू एवं कश्मीर पावर कारपोरेशन लिमिटेड जेकेपीसीएल के साथ विद्युत उपयोग करार पीयूए पर हस्ताक्षर किए हैं। गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसजेवीएन ने बताया कि निमार्णाधीन 1000 मेगावाट बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना बीकानेर एसपीपी से जेकेपीसीएल को आपूर्ति की जाने वाली 300 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता के लिए पीयूए पर हस्ताक्षर किए गए हैं। बीकानेर एसपीपी को एसजीईएल के माध्यम से एसजेवीएन द्वारा इरेडा की सीपीएसयू योजना के



अधीन राजस्थान राज्य में 5,491 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। परियोजना को डोमेस्टिक कॉन्टेंट रिक्वायरमेंट डीसीआर मोड के अधीन विकसित किया जा रहा है और जुलाई 2024 तक कमीशनिंग के लिए निर्धारित है। परियोजना से उत्पादित विद्युत का उपयोग सरकारी संस्थाओं द्वारा प्रत्यक्ष या डिस्कॉम के माध्यम से किया जाएगा। अजय कुमार सिंह सीईओ एसजीईएल और सीई जेकेपीसीएल द्वारा जम्मू में एसजीईएल और जेकेपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में करार पर हस्ताक्षर किए गए। एसजेवीएन एक अग्रणी पावर सीपीएसयूए वर्ष 2030 तक 25,000 मेगावाट और वर्ष 2040 तक 50,000 मेगावाट के अपने साझा विजन को प्राप्त करने के लिए तीव्रता से प्रगति पर है। यह साझा विजन वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से 50ः ऊर्जा उत्पन्न करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप तैयार किया गया है।

# हिमाचल में अब टुकड़ों में लगेंगे सीमेंट प्लांट, सुक्खू सरकार को 305 औद्योगिक प्लाटों के लिए नहीं मिल रहे खरीददार

**चमन शर्मा**

**शिमलाः हिमाचल प्रदेश** में अब सीमेंट प्लांट टुकड़ों में लगेंगे। ऐसा इसलिए होने जा रहा है, क्योंकि राज्य में मौजूद चूना पत्थर के बड़े-बड़े भंडारों के लिए अत्यधिक अपफ्रं ट मनी के कारण उद्योगपति सीमेंट प्लांट लगाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। ऐसे में सरकार ने चूना पत्थर के इन भंडारों को छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित करने का फैसला लिया है, ताकि उद्योगपति अपेक्षित अपफ्रं ट मनी देकर प्लांट स्थापित कर सके और बाद में इनका विस्तार भी कर सके। ये बात उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कही। करसोग के विधायक दीप राज के मूल सवाल के उत्तर में उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सीमेंट उद्योगों की स्थापना में भारी भरकम अपफ्रं ट मनी सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। इसी के दृष्टिगत सरकार ने अब सीमेंट कारखानों की स्थापना के लिए खनन पट्टों को टुकड़ों में विभाजित करने और उनकी नीलामी करने का निर्णय लिया है ताकि उद्योगपतियों को एक बार में अधिक अपफ्रं ट मनी न देनी पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार ने करसोग के अलसिंडी में सीमेंट उद्योग की स्थापना की कोशिश की, लेकिन कोई भी कंपनी आगे नहीं आई, क्योंकि अपफ्रं ट मनी बहुत अधिक थी। उद्योग मंत्री ने कहा सरकार ने एक कंपनी को कंसलटेंट के तौर पर रखा है, जो नीलामी के लिए अपफ्रं ट मनी को विभाजित करने के बारे में दिशा-निर्देश तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि दुबई में निवेशकों की एक बैठक के दौरान एक कंपनी ने कांगड़ा-चंबा और पठानकोट के आस-पास मौजूद चूना पत्थर के भंडार में रुचि दिखाई है और वह सीमेंट प्लांट लगाने के लिए तैयार है। क्योंकि वहां परिवहन लागत बहुत अधिक नहीं है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि अलसिंडी में सीमेंट प्लांट के लिए लफ ार्ज कंपनी के साथ एमओयू साइन किया गया था और 2017 में एलओआई भी जारी कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि प्लांट के पहले चरण के लिए मंजूरी भी ली गई थी, लेकिन कंपनी पर्यावरण संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने में विफल रही। इसलिए उनका एलओआई रद्द कर दिया और कंपनी हाईकोर्ट चली गई है। इस दौरान विधायक हंस राज ने चंबा के सिकरी में सीमेंट प्लांट स्थापित करने का मामला उठाया। विधायक केएल ठाकुर, सतपाल सत्ती और जेआर कटवाल के संयुक्त सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश में कुल 67 औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए हैं, जिनमें 3594 प्लाट हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से 495488 वर्ग मीटर क्षेत्र के 305 औद्योगिक प्लाटों को नहीं बेचा जा सका है, क्योंकि ये प्लाट सडक सुविधा से नहीं जुड़े हैं आ फि र भूमि विवाद में फं से हैं या उद्योगों के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में 15 जनवरी, 2024 तक किसी भी उद्योग ने हिमाचल से पलायन नहीं किया है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि ऐसे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए भूमि अधिग्रहण नहीं करेगी, जहां औद्योगिक प्लाट बनाने की कीमत बहुत अधिक हो। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योग विभाग कुछ औद्योगिक क्षेत्र में खाली पड़े औद्योगिक प्लाटों का सर्वोत्तम उपयोग भी सुनिश्चित करेगा। एक प्रतिपूरक सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री ने कहा कि बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में 30 कंपनियां केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार सीएसआर के तहत पैसा खर्च कर रही है। 500 युवाओं को मिलेगा ई-टैक्सी परमिट तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी ने कहा कि प्रदेश सरकार राजीव गांधी ई-टैक्सी योजना के तहत पहले चरण में 500 युवाओं को ई-टैक्सी परमिट देने जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय मंत्री अनुराग के प्रयासों से चलेगी ऊना से सीधी हरिद्वार के लिए ट्रेनः बबलू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। जिला भाजपा** उपाध्यक्ष बलराम सिंह बबलू ने ऊना से हरिद्वार के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करवाने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि ट्रेन शुरू होने से जिला ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर व कांगड़ा के हजारों परिवारों को सीधा लाभ होगा। जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम सिंह बबलू ने कहा कि देश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक हरिद्वार धार्मिक स्थल पर जनता का बड़ी आस्था है। हर दिन हिमाचल के हजारों परिवार हरिद्वार के लिए रवाना होते है। ऐसे में लोगों को ऊना मुख्यालय से सहारनपुर तक रेल सुविधा मिलती थी। आगे बस से सफर करना पड़ता था, लेकिन जनता की सुविधा के लिए केंद्र मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अब ट्रेन द्वारा जिला ऊना को सीधा हरिद्वार से जोडकर को सुविधा प्रदान की है। बलराम सिंह बबलू ने कहा कि 16 वर्षों के अनुराग सिंह ठाकुर सांसद के रूप में जनता की सेवा कर रहे है। अनुराग ठाकुर ने जिला ऊना को देश के कई धार्मिक एवं बडे शहरों को जोड? के लिए दर्जनों ट्रेनों को चलाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आठ वर्ष का सफल कार्यकाल पूरा हुआ था। उस सफल कार्यकाल में देश के लिए चार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चली थी। उसमें एक दिल्ली से ऊना दौलतपुर के लिए भी चली थी। इसके लिए भी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का आभार प्रकट करते है।

### लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



चंबाः लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत जिला चंबा के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए जिला स्तरीय व निर्वाचन क्षेत्रवार स्तरीय मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षकों के लिए सोमवार को बचत भवन चंबा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान ने की। उन्होंने ने कहा कि त्रुटिरहित एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदार सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अपने-अपने कार्य की स्पष्ट एवं गहन जानकारी होना आवश्यक है। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को दक्ष बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से चंबा जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। यह मास्टर ट्रेनर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे।राहुल चौहान ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के लिए सभी नोडल अधिकारियों को अग्रणी और महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना होता है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी तैयारियां पूर्ण करें ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को भारत के निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अध्ययन का सुझाव दिया।

### लोकसभा चुनाव के सफ ल आयोजन के लिए नोडल व सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर। किन्नौरः जिला किन्नौर के रिकांग** पिओ में आज आगामी आम लोकसभा चुनाव 2024 के सफल आयोजन के दृष्टिगत समस्त नोडल और सेक्टर अधिकारियों को जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों को चुनाव से पूर्व व चुनाव के दिन उनकी जिम्मेदारियों व कर्तव्यों बारे जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में चुनाव के संबंध में संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करने व इन क्षेत्रों में उचित प्रबंध करने बारे भी बताया गया। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षण में वोटर हेल्पलाइन, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध सक्षम ऐप, इलेक्शन सीज? मैनेजमेंट सिस्टम और पोस्टल बैलेट की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में उपमंडलाधिकारी डॉ मेजर शशांक गुप्ता, तहसीलदार निर्वाचन जी.एस. राणा तथा समस्त सेक्टर व नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# व्यापार मण्डल कुल्लू का शिष्टमण्डल मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर से मिला



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः व्यापार मण्डल** कुल्लू का शिष्टमण्डल व्यापार मण्डल कुल्लू के प्रधान मदन लाल सूद एवं मुख्य संरक्षक दिनेश सेन की अगुवाई में मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर को फ रॅस्ट हामीटेंज ढालपुर कुल्लू में मिला। जिसमें मदन लाल सूद व दिनेश सेन के अतिरिक्त व्यापार मण्डल के उपप्रधान इंद्र चावला, उपप्रधान जगदीश बंगा महासचिव सुबोध सूद, सचिव वरुण शर्मा, मुख्य संरक्षक रितेश काइस्था, संरक्षक राजेश सेठ, कोषाध्यक्ष गोपाल चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य नीरज बहल तथा वरुण शर्मा इत्यादि सम्मिलित रहे। इस अवसर पर सुंदर सिंह

ठाकुर ने नव गठित व्यापार मण्डल को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रस्तुत की और उसके उपरांत व्यापार मण्डल कल्लू के प्रतिनिधि मण्डल ने सुंदर सिंह ठाकुर से निवेदन किया कि जैसे उन्होंने हमसे वादा किया था कि वह व्यापार मण्डल की गतिविधियों के संचालन तथा अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए कुल्लू में व्यापार भवन की व्यवस्था करवाएंगे, तो इस पर सुंदर सिंह ठाकुर ने अनुमति प्रदान करते हुए कहा कि बहुत जल्द कुल्लू शहर के मध्य में आपको दस विस्वा भूमि प्रदान की जाएगी जिसमें आप अपनी गतिविधियों को संचालित कर पाएंगे तथा उसके साथ-साथ सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए हाल इत्यादि की व्यवस्था भी हो तो इस प्रकार से व्यापार भवन का निर्माण शीघ्र अति शीघ्र किया जाएगा। इस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने उनका आभार प्रकट किया और यह आश्वासन दिया कि सरकार को जब भी व्यापार मण्डल के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी व्यापार मंडल कुल्लू उस पर सदैव तत्पर रहेगा। सुंदर सिंह ठाकुर ने भी व्यापार मंडल को आश्वस्त किया कि जब कभी भी सरकार की ओर से व्यापारियों के लिए किसी भी प्रकार की मदद करनी होगी तो सरकार उनके माध्यम से व्यापार मंडल का पूरा-पूरा सहयोग करेगी।

## रियाली पुल में नाके के दौरान बीती रात लकड़ी के दो ट्रक पकड़े

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः वन परिक्षेत्र** रे के अंतर्गत रियाली पुल पर वन विभाग की टीम ने डिप्टी रेंजर रविंदर सिंह की टीम ने लकड़ी से भरे दो ट्रक पकड़े। जिसमें जिन लकडि?ों की किस्मो पर पाबंधी है उन की अलग-अलग किसमें थी। बता दे कि रे रेंज सारी पंजाब से सटी हुई है वह माफि या विना परमिट हिमाचल की कीमती लकड़ी पंजाब में ले जाते है और अच्छे दाम में बेच देते है।कुछ दिन पहले इसी रास्ते के में पांच गाडियां पकड़ी थी। रविंदर सिंह ने बताया कि डीएफ ओ अमित कुमार के निदेशों से रियाली पुल पर नाका लगाया था रात को ज्वाली रेंज की गाडियां उक्त रास्ते से अंधेरे का फ ायदा उठा कर जा रही थी

# किसानों को बच्चे पढ़ाने के लिए उठाना पड़ रहा कर्जः बलवीर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**किसान योद्धा सरदार** रुडका सिंह कल्याण समिति की बैठक प्रधान इंजीनियर बलवीर चौधरी की अध्यक्षता में गांव ढकियां पंजावर में हुई। बैठक में किसानों ने अपनी समस्याओं पर मंथन किया। प्रधान बलवीर सिंह ने कहा कि किसानों को प्राईवेट स्कूलों में अपने वच्चों को पढ़ाने के लिए फीस, किताबें, स्टेशनरी, बस किराया, युनिफार्म आदि पर 50 हजार रुपये सालाना खर्च करने पड़ रहे हैं जबकि किसान निधि से मात्र 6 हजार रुपये सालाना



मिल रहे हैं। सरकारी स्कूलों को यदि शिक्षक मिल जाऐं तो किसान अपने वच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ा सकते है। किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। प्रति व्यक्ति आय कम होने के कारण किसानों को अपने बच्चे पढ़ाने के लिए कर्ज उठाना पड़ रहा है। यही कारण है कि भारत में 50 प्रतिशत गरीब आबादी के पास 3 प्रतिशत संपति है और 1 प्रतिशत आबादी के पास 40 प्रतिशत संपति है।

# बीडीसी उपचुनाव में भाजपा ने किया पनोह सीट पर कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**ऊना विकास खंड** की पंचायत समिति वार्ड नंबर 1 पनोह सीट के उपचुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी राजकुमार ने जीत दर्ज कर ली है। यहां से पूर्व बीडीसी सदस्य के निधन के बाद यह सीट खाली हुई थी। पहले इस सीट पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी। जबकि इस बार भी कांग्रेस ने पूर्व बीडीसी की धर्मपत्नी को प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा था। लेकिन उपचुनाव में भाजपा समर्थित राज कुमार ने जीत का परचम लहराते हुए यह सीट पार्टी की झोली में डाल दी। बता दें कि पंचायत समिति वार्ड नंबर 1 पनोह सीट के लिए प्रेम लत्ता व राज



कुमार मैदान में थे। कुल 2071 वोट में से राज कुमार को 1188 मत मिले, जबकि प्रेमलता को 867 मतों से

संतोष करना पड़ा। इसके अलावा 8 ने नोटा, तो 8 के वोट अमान्य रहे। ऐसे में राज कुमार ने प्रेमलता को 321 मतों से मात दी। एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि बीडीसी के इस उपचुनाव में प्रेमलता और राज कुमार के बीच सीधा मुकाबला था। जिसमें राज कुमार विजयी रहे। उन्होंने कहा कि राजकुमार को पंचायत समिति सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित करते हुए प्रमाण पत्र भी दे दिया गया है।

**भाजपा चेयरमैन पद को लेकर दे सकती है अविश्वास प्रस्ताव**

28 सदस्यों वाली ऊना की पंचायत समिति में भाजपा कांग्रेस समर्थक 14-14 सदस्य थे। जिसके चलते टॉस के माध्यम से हुए फैसले में कांग्रेस के बीडीसी सदस्य ने अध्यक्ष पद पर कब्जा किया था। लेकिन इस उप चुनाव के बाद अब 28 सदस्य पंचायत समिति में भाजपा समर्थित सदस्यों की संख्या 15 हो गई है, जबकि एक सीट कांग्रेस के हाथ से निकलने पर कांग्रेस 13 की संख्या पर आ गई है। ऐसे में भाजपा चेयरमैन पद को लेकर अविश्वास प्रस्ताव पेश कर सकती है।

# सभी राजनैतिक दल आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालना करेंः सुमित

**एसपी जैरथ**

**नाहनः उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जायेगी। सभी राजनैतिक दल आदर्श आचार संहिता के समस्त प्रावधानों की सख्ती से अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित बनायें।

जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा आज सोमवार को नाहन में आदर्श आचार संहिता की स्टैंडिग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में आदर्श आचार संहिता की स्टैंडिग कमेटी के सरकारी सदस्यों के



अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। सुमित खिमटा ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता की स्टैंडिग कमेटी आदर्श आचार संहिता के तहत आने वाले मामलों की निगरानी करेगी और नियमानुसार उनका निपटारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता निर्वाचन की घोषणा से लेकर मतगणना प्रकिया पूर्ण होने तक लागू रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से आग्रह किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान लागू होने वाली आदर्श आचार संहिता के सभी प्रावधानों के बारे में सभी राजनैतिक दल और प्रत्याशी संपूर्ण जानकारी हासिल करें लें ताकि निर्वाचन प्रकिया के दौरान संहिता की किसी भी प्रकार से उल्लंघना न हो। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उददेश्य सभी राजनैतिक दलों और चुनाव लड? वाले प्रत्याशियों को चुनाव में बराबर का अवसर प्रदान करना और निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और स्वतंत्र बनाना बनाना है।

# जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक की बैठक का किया गया आयोजन

**मनीष**

**सोलनः आज जोगिंद्रा** केंद्रीय सहकारी बैंक की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में 47 एजेंडा पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में नाबार्ड की और से बैंक का वैधानिक इंस्पेक्शन किया गया था जिसको लेकर नाबार्ड के अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया। बैंक में एनपीए ऋ ण धारकों के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम 31 मार्च, 2024 तक जारी है जिसका अधिक से अधिक ऋ ण धारकों



को लाभ उठाना चाहिए। वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के तहत सभी बैंक मैनेजर को निर्देश दिए गए हैं कि जिन एनपीए खातों में खाता धारकों की मृत्यु हो चुकी है या गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं उनके लिए विशेष राहत देने के लिए आगामी बैठक में ऐसे ऋ ण धारकों के केसेस को वन टाइम सेटलमेंट में विशेष महत्व दिया जाएगा।

## संपादकीय

# 'मन की बात' और 'पन्ना की तमन्ना'

**साल** 1973 में एक फिल्म आई थी-हीरा पन्ना। इस फिल्म में एक गीत है 'पन्ना की तमन्ना है कि हीरा मुझे मिल जाये...।' यहां जिक्र मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड के पन्ना जिले का हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के संबोधन के 24 घंटे बाद पन्ना से बड़ी खबर निकल कर आई है कि यहां केन नदी के घड़ियाल अभयारण्य में अब सबसे आधुनिक घड़ियाल ब्रीडिंग सेंटर बनेगा। इसकी कवायद भी शुरू हो गई है। इस अभयारण्य को लुप्तप्राय घड़ियाल या भारतीय मगरमच्छ का घर कहा जाता है। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने 25 फरवरी (रविवार) को 'मन की बात' में जीवन में तकनीक के महत्व की बात की। उन्होंने अपने संबोधन में डिजिटल गैजेट्स की सहायता से वन्य जीवों के साथ तालमेल बिठाने का जिक्र किया। कहा- तीन मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस मनाया जाएगा। इस साल इसकी थीम में डिजिटल इनोवेशन को सर्वोपरि रखा गया है। देश में वन्यजीवों के संरक्षण में अब तकनीक का खूब उपयोग हो रहा है। उत्तराखंड के रुड़की में विकसित ड्रोन की मदद से केन नदी में घड़ियालों पर नजर रखने में मदद मिल रही है। इस ड्रोन को रोटर प्रिसेशन ग्रुप ने देहरादून स्थित भारतीय वन्य जीव संस्थान के साथ मिलकर तैयार किया है। केन नदी में घड़ियाल पुनर्स्थापना प्रोजेक्ट के प्रभारी रमेश कुमार मानते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की सहायता से तैयार ड्रोन के सर्वे में केन में 10 घड़ियालों की मौजूदगी सामने आई है। कटनी से लेकर उत्तर प्रदेश के बांदा तक पूरी नदी का ड्रोन सर्वे हो रहा है। यह ड्रोन पानी के भीतर की तस्वीरें लेने में सक्षम है। यह सात किलोमीटर दूर तक जाकर और पांच सेंटीमीटर तक की चीजों को मॉनिटर कर सकता है। 450 किलोमीटर लंबी केन नदी का सर्वे जल्द पूरा होने की उम्मीद है। जिस तरह पन्ना में टाइगर खत्म होने के बाद यहां दोबारा टाइगर बसाए गए, ठीक उसी तर्ज पर घड़ियालों की पुनर्स्थापना का प्रोजेक्ट शुरू होना है। इसकी पुनस्थार्पना ग्रेटर पन्ना लैंडस्कैप प्लान के तहत की जानी है। सनद रहे 1985 में विश्व प्रसिद्ध खजुराहो के पास केन नदी और कुड़ार नदी के संगम पर रानेफॉल क्षेत्र में घड़ियाल सेंचुरी स्थापित की गई थी। तत्कालीन सरकार की उदासीनता से यहां घड़ियालों को नहीं बचाया जा सका। अब मौजूदा सरकार ने इस पर भगीरथ प्रयास शुरू किए हैं। प्रोजेक्ट प्रभारी रमेश ने कहा कि अब यहां सबसे आधुनिक घड़ियाल ब्रीडिंग सेंटर बनेगा। केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दी है। इसके साथ ही पन्ना में भारत का पहला वाइल्ड लाइफ इंटीग्रेटेड लर्निंग एंड रिसर्च सेंटर भी बनेगा। दरअसल केन मध्य भारत की प्रमुख नदी है। यह दो राज्यों मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश बहती है। केन नदी घाटी का कुल जलग्रहण क्षेत्र 28,058 वर्ग किलोमीटर है। इसका उद्गम स्थल जबलपुर जिले की कैमूर पर्वतमाला के उत्तर-पश्चिम ढलान पर अहिरगवां गांव के पास है। यह उत्तर प्रदेश के चिल्ला गांव के पास यमुना नदी में मिलती है। केन नदी के तट पर कुछ महल भी हैं। अब यह खंडहर की स्थिति में हैं। बांदा शहर केन नदी के तट पर स्थित है। यहां केन नदी अपने दुर्लभ शजर पत्थर के लिए प्रसिद्ध है। साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रीवर ऐंड पीपल संगठन ने जून 2017 में केन नदी की पदयात्रा की थी। यह तीन चरणों में अप्रैल 2018 में पूरी हुई। इस यात्रा का मकसद बांदा और पन्ना जिलों में केन नदी के तटों पर स्थित 100 ये अधिक गांवों का हाल जानना था। 60 से अधिक गांववालों से केन नदी के अतीत एवं वर्तमान स्थिति पर बात की गई।

# सीट बंटवारे से मजबूत होगा इंडिया गठबंधन

रमेश सर्राफ धमोरा

"असम में बदरुद्दीन अजमल की आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी के साथ जब तक कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो जाता है तब तक वहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में नहीं मानी जा सकती है। बदरुद्दीन अजमल का असम की राजनीति में बड़ा जनाधार है। जब-जब बदरुद्दीन अजमल व कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा है अच्छे परिणाम मिले हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने एकतरफा घोषणा करते हुए बदरुद्दीन अजमल की पार्टी से सभी संबंध समाप्त कर दिए थे। जिसके बाद वहां कांग्रेस अकेले ही चल रही है। इसी का फायदा उठाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस के कई विधायकों से पाला बदल करवा लिया है। त्रिपुरा की दो सीटों पर भी कांग्रेस का माकपा से गठबंधन होने पर ही मजबूत स्थिति बन सकती है। त्रिपुरा में माकपा का व्यापक जनाधार है। वहां कांग्रेस बहुत कमजोर हो चुकी है"

**इंडिया** गठबंधन के सहयोगी दलों में सीटों का बंटवारा होने लगा है। गठबंधन का प्रमुख दल कांग्रेस ने इसके लिए पहल करते हुए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ सीटों का बंटवारा कर सीट शेयरिंग फामूर्ले को आगे बढ़ा दिया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 व समाजवादी पार्टी 63 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 लोकसभा सीटों पर दावा कर रही थी। इसी तरह कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से भी सीटों पर समझौता कर लिया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। जबकि कांग्रेस तीन सीटों चांदनी चैक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी। चंडीगढ़ की सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। वहीं गुजरात में 24 सीटों पर कांग्रेस व दो सीटों भरूच व भावनगर में आप चुनाव लड़ेगी। हरियाणा की 10 में से 9 सीटों पर कांग्रेस व कुरुक्षेत्र में आप चुनाव लड़ेगी। गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। पंजाब की तेरह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी दोनों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, गुजरात व गोवा में आम आदमी पार्टी से सीटों का गठबंधन कर कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे से एक घंटा तक टेलीफोन पर बातचीत कर वहां महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। आने वाले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ महाविकास अघाड़ी में शामिल सभी चारों दलों में सीटों का बंटवारा हो जाएगा। बिहार में भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है। कांग्रेस नेतृत्व को आशा है कि आने वाले कुछ दिनों में बिहार में सभी विपक्षी दल एक साथ मिलकर आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर चुनाव में उतरेंगे। हालांकि पश्चिम बंगाल में अभी तक कांग्रेस व ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन नहीं हो पाया है। इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों




के लिए ममता बनर्जी ने पहले ही पश्चिम बंगाल में सीटों के बंटवारे को लेकर इनकार कर दिया था। ममता बनर्जी कांग्रेस को मौजूदा दो सीट देना चाहती है। हालांकि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर एक बार फिर बातचीत शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। संदेशखाली की घटना के बाद ममता बनर्जी दबाव में आई हुई है। इसी के चलते ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को पांच सीट देकर समझौता कर सकती है। पश्चिम बंगाल में जब तक वामपंथी दलों के साथ समझौता नहीं होगा तब तक बीजेपी विरोधी वोटो को बिखरने से नहीं रोका जा सकेगा। केरल में कांग्रेस व वामपंथी दलों का अपना-अपना एलायंस बना हुआ है। वहां दोनों ही एलायंसों के अंदर तगड़ा मुकाबला होगा। केरल में कांग्रेस, वामपंथी दल आमने-सामने होकर चुनाव लड़ेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में केरल में वामपंथी दलों को मात्र एक लोकसभा सीट मिली थी। जबकि केरल में वामपंथी दल की लगातार दूसरी बार सरकार चल रही है। तमिलनाडु में कांग्रेस ने पिछली बार द्रुमक के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था जिसमें वामपंथी दल भी शामिल थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को तमिलनाडु में आठ सीटों पर व वामपंथी दलों को चार सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कांग्रेस को 9 के बजाय 7 सीट देने की ही बात कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस वहां 16 सीट मांग रही है। द्रुमक सुप्रीमो स्टालिन ने तमिलनाडु में लंबे समय से सहयोगी रही इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को रामनाथपुरम सीट व कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) को नमक्कल सीट देकर सीट शेयरिंग के फामूर्ले को आगे बढ़ा दिया है। मगर तमिलनाडु में जब तक द्रमुक का कांग्रेस व वामपंथी दलों से सीटों का बंटवारा नहीं हो जाता तब तक वहां इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे का काम अधूरा ही माना जाएगा। झारखंड में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोचा, राजद के साथ सीटों का समझौता करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा को एक-एक सीट पर जीत मिली थी। जबकि भाजपा ने वहां 12 सीट जीती थी। मगर इस बार वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं। ऐसे में वहां इंडिया गठबंधन भाजपा को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में है।

असम में बदरुद्दीन अजमल की आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी के साथ जब तक कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो जाता है तब तक वहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में नहीं मानी जा सकती है। बदरुद्दीन अजमल का असम की राजनीति में बड़ा जनाधार है। जब-जब बदरुद्दीन अजमल व कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा है अच्छे परिणाम मिले हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने एकतरफा घोषणा करते हुए बदरुद्दीन अजमल की पार्टी से सभी संबंध समाप्त कर दिए थे। जिसके बाद वहां कांग्रेस अकेले ही चल रही है। इसी का फायदा उठाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस के कई विधायकों से पाला बदल करवा लिया है। त्रिपुरा की दो सीटों पर भी कांग्रेस का माकपा से गठबंधन होने पर ही मजबूत स्थिति बन सकती है। त्रिपुरा में माकपा का व्यापक जनाधार है। वहां कांग्रेस बहुत कमजोर हो चुकी है। ऐसे में यदि कांग्रेस का माकपा के साथ सीटों की शेयरिंग हो जाती है तो दोनों ही दलों को फायदा मिल सकता है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान जैसे प्रदेशों में कांग्रेस की सीधी भाजपा व अन्य क्षेत्रीय दलों से लड़ाई है। आंध्र प्रदेश में एक तरफ सत्तारूढ़ जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी खड़ी है। तो दूसरी तरफ तेलुगु देशम पार्टी ने फिल्म एक्टर पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ सीटो पर समझौता कर विधानसभा की 118 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा के भी तेलुगु देशम पार्टी के साथ गठबंधन करने की चर्चा जोरों पर है। ऐसे में वहां कांग्रेस को त्रिकोणीय मुकाबला करना होगा। तेलंगाना में कांग्रेस ने हाल ही में भारत राष्ट्रीय समिति के के. चंद्रशेखर राव को हराकर सत्ता हासिल की है। वहां कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति व भाजपा में तिकोना संघर्ष होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का सीधा भाजपा से मुकाबला होगा। वही उड़ीसा में बीजू जनता दल, भाजपा व कांग्रेस में तिकोना संघर्ष होगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के अलग-अलग चुनाव लड़ने से कई सीटों का नुकसान उठाना पड़ सकता है। पिछले दिनों भाजपा इंडिया गठबंधन पर सीटों का बंटवारा नहीं होने के चलते कई तरह के आरोप लगा रही थी।

मगर कांग्रेस ने सीट शेयरिंग की दिशा में बड़े कदम उठाते हुए कई दलों के साथ गठबंधन कर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में सीट बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इससे आने वाले कुछ दिनों में सभी सीटों पर गठबंधन होने की संभावना नजर आने लगी है। यदि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर एक साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे तो निश्चय ही भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकेंगे।

## कविता

### बन चुका होशियार

है रखता बातों के नश्तर को
बना करके घातक हथियार,
हां भई वो बन चुका है होशियार,
अपनी बातों को सच साबित करने
पूरे परिवार से अब लड़ता है,
सोशल मीडिया में लिख लिख
अपने विरोधियों से झगड़ता है,
था कभी शौकीन माहौल का,
अब सामान पसंद है मॉल का,
बेतुके तर्क देते हैं कमाल का,
खिल्ली उड़ाने से गुरेज नहीं
किसी मजलूम के मौजूदा हाल का,
नाव में बैठते ही कहता है
अब नहीं चाहिए पतवार,
हां भई वो बन चुका है होशियार,
अब तो दलाली पसंद है और
समाज के दलाल भी पसंद है,
किसी को लाभ कभी न हो
ऐसा सोचने वाला शानदार हुनरमंद है,
बना लिया है अपना एटिट्यूटअमीरों वाला,
शायद नहीं रहा वो जमीरों वाला,
खुद को छप्पन भोग मिले
समाज को मिले या न मिले निवाला,
चेहरे पर कुटिल मुस्कान रख
दिखना चाहता है भोला भाला,
शरीर से स्वस्थ शायद दिमाग से बीमार,
हां भई वो बन चुका है होशियार,
हां भई वो बन चुका है

राजेन्द्र लाहिरी

# धूमिल होती सरकार की छवि !

डॉ अजय कुमार मिश्रा

**उत्तर** प्रदेश पुलिस दुनियां की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है` विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद्द करके आगामी 6 माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है` निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा` पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्त्वों को भी जानना जरुरी है` कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा फरवरी 16 से 18 के मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुयी थी` इस भर्ती के लिए दिसम्बर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था ` 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसम्बर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे` इन प्राप्त आवेदनों में लगभग 2.5 लाख बिहार से, 43 लाख उत्तर प्रदेश से, 98,400 मध्य प्रदेश से, 74,769 हरयाणा से, 97,277 राजस्थान से, 42,259 दिल्ली से और 3404 आवेदक पंजाब से थे` किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए` इन सभी में महत्वपूर्ण यह भी है की इस भर्ती के लिए उम्र की बाध्यता 18 से 25 उम्र की थी` परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है` पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहें थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था` 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग झ अलग जगहों से भेजी गयी ` भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा` अत्यधिक विरोध के पश्चात सरकार ने परीक्षा को रद्द करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की` जिसके पश्चात अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद्द कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा` क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है ? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है` इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है` सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है` यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है की सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है`

अनेकों लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है`अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है ` दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली` अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा।

## विचार

# कानून के असम्मान की गलत परंपरा डालते केजरीवाल

आशीष वशिष्ठ

**शराब** नीति में हुए घोटाले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी सात समन जारी कर चुका है। लेकिन केजरीवाल कोई न कोई बहाना बनाकर जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने ईडी के समन को गैर कानूनी बता रही है। अन्ना आंदोलन के समयअरविंद केजरीवाल बड़ी-बड़ी बातें करते थे। उस समय वह कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की बात करते थे, आज उनकी पार्टी के नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। वो स्वयं भी संदेह के घेरे में हैं। प्रश्न यह उठता है कि वह जांच से क्यों भाग रहे हैं? केजरीवाल संवैधानिक जांच एजेंसियों के सामने उपस्थित क्यों नहीं होते? क्या इनके समन को स्वीकार न करना असंवैधानिक नहीं है? क्या आम आदमी इन एजेंसियों के समन को लगातार खारिज कर सकता है? ईडी और सीबीआई सरीखी एजेंसियों को संवैधानिक, संघीय मान्यता हासिल है कि वे देश के प्रधानमंत्री को भी जांच के लिए तलब कर सकती हैं। न्यायालय का इस व्यवस्था पर एक स्पष्ट आदेश जरूर आना चाहिए। यह शर्मनाक है कि एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति जांच से भाग रहा है। एक राज्य का मुख्यमंत्री अगर कानून का उपहास उड़ाएगा, कानून के पालन में आना-कानी, चलाकियां और चालबाजियां करेगा तो आम व्यक्ति को क्या संदेश जाएगा? ईडी के समन की लगातार अनदेखी करके केजरीवाल कानून के असम्मान की गलत परंपरा के बीज बो रहे हैं? केजरीवाल की देखा देखी आने वाले समय में दूसरे व्यक्ति भी इसी तरह कानून के पालन में आनाकानी करें, तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए! ईडी ने केजरीवाल को पहला समन 2 नवंबर 2023 को भेजा था। इस समन पर वह पेश नहीं हुए। बीती 22 फरवरी को केजरीवाल को सातवां समन भेजकर 26 फरवरी को जांच के लिए बुलाया। लेकिन केजरीवाल इसे अवैध बताते हुए इसमें शामिल नहीं हुए। केजरीवाल ने हमेशा इन नोटिस को अवैध बताया है और पेश नहीं हुए हैं। उन्होंने इन समन को राजनीति से प्रेरित बताया था। केजरीवाल ने ईडी की कार्रवाई के पीछे के मकसद पर भी सवाल उठाया था।

उन्होंने बीजेपी पर गिरफ्तार कराने का आरोप लगाया। हालांकि 17 फरवरी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंस से अदालत में पेश हुए थे। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया था कि वे दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होने के बाद मार्च में शारीरिक रूप से पेश होंगे। इसके बाद अदालत ने आश्वासन को स्वीकार करते हुए सुनवाई 16 मार्च तय कर दी। अदालत ने उन्हें ईडी द्वारा उनके खिलाफ जारी समन का पालन न करने पर तलब किया था। अभी अधिकतम समन पर जांच एजेंसी के समक्ष जो पेश नहीं हुए उनमें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अव्वल नंबर पर है। उन्होंने पिछले साथ दो नवंबर से पिछले हफ्ते तक कुल 7 समन स्किप किए है। केजरीवाल भी इस समन को स्किप करके हेमंत सोरेन की बराबरी पर आ गए हैं। हालांकि, हेमंत सोरेन को ईडी बीती 31 जनवरी को गिरफ्तार कर चुकी है। इन समन को छोड़ना केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ा सकता है. क्योंकि, लगातार समन को छोड़ना ईडी की धारा 19 के तहत असहयोग के लिए अभियोग की जमीन मजबूत कर रहा है। केजरीवाल संवैधानिक पद पर हैं और संविधान, लोकतंत्र बचाने के नारों पर राजनीति करते रहे हैं। फिर ईडी के समन को बार-बार अवैध करार देना क्या संविधान-सम्मत है?

केजरीवाल ने एक बार विधानसभा सत्र और विश्वास प्रस्ताव को बहाना बनाकर ईडी और न्यायालय की पेशी से राहत मांगी थी। राहत तो मिल गई, लेकिन यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि केजरीवाल को 70 विधायकों के सदन में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत हासिल है, तो फिर सत्ता-पक्ष को विश्वास-मत का प्रस्ताव क्यों पेश करना पड़ा? विपक्ष ने तो अविश्वास व्यक्त नहीं किया था। इसी तरह केजरीवाल कभी राज्यसभा चुनाव, तो कभी चुनाव-प्रचार का बहाना बना कर ईडी के समन को अस्वीकार करते रहे हैं। एक राजनेता की दिनचर्या अममून व्यस्त ही रहती है, तो क्या जांच एजेंसी के संवैधाानिक दायित्वों को वो हवा में उड़ाता रहेगा?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# हम हैं गपोड़ी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

बैक बेंचरों में गप्प हाँकना एक सृजनात्मक कार्य है। यदि कोई गप्प हाँकने की कला में पटु है और सपने में अक्सर दूर के ढोल सुहावने दिखाई दें तो समझिये कि किसी न किसी की मेहनत लूटने वाली है। या यूँ कहिए कि ईमानदारी और मेहनत के घर घपले का जन्म होने वाला है। जमाने की आर्द्रता में गप्प हाँकुड़ों की नमी हो, तो वहाँ कथनी दिल्ली और करनी चौखट पर दिखाई देगी। बैक बेंचर केवल बैक बैंचर नहीं होते, बल्कि आफत-ए-सरदार होते हैं। जो जितना गप्प हाँकता है, वह उतना ही ऊँचा उठता जाता है।

वैसे इन गप्प हाँकुड़ों का क्षेत्र काफी घेराव लिए होता है। जमीन खरीदने-बेचने के फील्ड में ये उतर आएँ तो वे हाथ आजमाने की जगह मुँह आजमाने लगते हैं। इन गप्प हाँकुड़ों की चले तो प्लाट के बगल से मेट्रो नहीं जाएगी, बल्कि मेट्रो सवारियों को सीधे उनके घर जा-जाकर उतारेगी। गप्प हाँकुड़ों के जबड़े हमेशा लटके होते हैं। यहाँ तक कि मरते समय भी। अब भला मुँह का यंत्र चल-चलकर लटकेगा नहीं तो जुड़कर रहेगा। खूब बतकही करने से जबड़े के न दिखाई देने वाले पेंच ढीले पड़ जाते हैं। ऐसे में मुँह का खुला रहना लाजमी है। गप्प हाँकुड़ों का सपना होता है कि मौका मिले तो एक बार लालकिले से गप्प हाँक लें। लेकिन वे भूल जाते हैं कि सरकार से बढ़कर कोई दूसरा गप्प नहीं हाँक सकता। सरकारी गप्प अक्सर शासनादेश की तरह होता है, और वह भी न समझ में आने वाली सरकारी भाषा में। इन गप्पों को नकारने में भूलसुधार कम, ढोंग-दिखावा का दावा अधिक होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि गप्प करने का कोई समय, स्थान, धर्म, आचार-विचार, रंग-रूप नहीं होता है। बैक बैंचरों के पास हर समय गप्प हाँकने का समय होता है। आगे चलकर यही बहुसंख्यक बनते हैं फिर उन्हें रोटी चाहे न मिले, पर गप्प की खुराक बराबर चाहिए होती है। जब तक गप्प न हो उनका पेट नहीं भरता है। इडियट बॉक्स टीवी पर अनगिनत चैनल हैं और टीआरपी गप्प उड़ा ले जाता है। लालकिला गप्प हाँकने का सबसे बड़ा केंद्र है। सर्दी-बरसात में यहाँ से ऐसे गप्प हाँके जाते हैं कि गर्मी में यहाँ आने की जरूरत ही नहीं पड़ती। देश का सबसे बड़ा गप्प हाँकडु अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर मीडिया को अपनी जेब में लिए घूमता है। दुनिया को दिल का दौरा पड़ता है तो गप्प हाँकुड़ों को लंबी-लंबी फेंकने का।

# जनसंख्या और संसाधन के अंतसंर्बंध

डा मनमोहन प्रकाश

**भारत में जनसं**ख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है और हर छोटा-बड़ा गांव, कस्बा ,शहर इसमें सह भागी बन रहा है। जनसंख्या का सही आकड़ा तो भारत की राष्ट्रीय जनगणना के बाद ही प्राप्त हो सकेगा।किन्तु कहा तो यहां तक जा रहा है कि भारत ने जनसंख्या के मामले में विश्व में चीन को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया है। प्रथम स्थान पर आना अच्छी बात है, सम्मान जनक है, पर जनसंख्या के मामले में भारत का प्रथम स्थान पर आना किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं माना जा सकता। क्योंकि भारत जैसे राष्ट्र के लिए अपने शत-प्रतिशत नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छा रोजगार, अच्छा वातावरण, अच्छा रोटी- कपड़ा-मकान उपलब्ध कराना, अच्छी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करना उस समय भी भी मुश्किल था जब भारत जनसंख्या में चीन से पीछे था और आज जब भारत चीन से जनसंख्या में आगे है तो कितना मुश्किल होने वाला है? अनुमान लगाया सकते हैं। कारण स्पष्ट हैं, जिस अनुपात में जनसंख्या बढ़ रही है,उस अनुपात में संसाधन नहीं बढ़ रहे हैं, अपितु या तो कम हो रहे हैं,या दूषित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत का क्षेत्रफल सीमित है, साथ ही उपलब्ध जल, जंगल, जमीन तथा नॉन-रिन्यूएबल संसाधन भी सीमित हैं। रिन्यूएबल संसाधनों का शतप्रतिशत रिन्यूएबल भी नहीं हो पा रहा है। भविष्य में जलवायु तथा विकास के लिए आवश्यक अन्य परिस्थितियों तथा वस्तुओं के हमेशा अनुकूल रहने की कोई गारंटी भी नहीं है।ऐसे में केन्द्र की सरकार तथा राज्यों की सरकारों का विवेक पूण धारीय विकास करना, संसाधनों के उपयोग में मितव्ययिता बरतना, गांव, कस्बों, शहरों, मेट्रोपोलिटन शहरों में बढते जनसंख्या के दबाव को ध्यान में रखते हुए आम-आदमी की आवश्यकताओं और पर्यावरण को ध्यान में रखकर विकास करना पहले भी कठिन था, वर्तमान में भी कठिन हो रहा है और भविष्य में भी कठिन रहने वाला है। क्योंकि जनसंख्या और संसाधनों के बीच एक स्थापित-सत्य यह है कि जिस देश में संसाधन अधिक हैं और जनसंख्या कम है तो उस देश में तीव्र गति से विकास होने की संभावनाएं हैं, वहीं दूसरी ओर यदि स्थितियां इसके विपरीत हैं अथार्त जनसंख्या ज्यादा है।

## न्यूज फ्लैश

### 7 बोतल देसी शराब सहित आरोपी काबू

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। /टीम एक्शन इंडिया**
जिला थाना रामनगर की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर शास्त्री नगर से पप्पू उर्फ मिट्ठू पुत्र जमनदास वासी शास्त्री नगर करनाल को काबू किया। आरोपी के कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से 7 बोतल देशी शराब बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने ड्रोन दीदी सुनीता का किया सम्मानित

**चंडीगढ़/ पानीपत /टीम एक्शन इंडिया**
मन की बात कार्यक्रम में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस ड्रोन दीदी सुनीता का जिक्र किया, सोमवार को उनसे भाजपा हरियाणा की प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ड्रोन पायलेट योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर तथा स्वाभिमानी बनाया है।

डा. अर्चना गुप्ता ने रिसपुर गांव निवासी ड्रोन दीदी सुनीता को सेक्टर 24 स्थित निवास स्थान पर सम्मानित करने के बाद प्रधानमंत्री की अनेक योजनाएं भी गिनाई, जिनसे देश की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।अर्चना गुप्ता ने कहा की ड्रोन दीदी को फ्री प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत रविवार को अपने मन की बात में भी ड्रोन दीदी का जिक्र कर इस काम में लगी सभी महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है।

डा. अर्चना गुप्ता ने कहां कि जहां एक ओर ड्रोन दीदी खेतों में दवाओं का छिड़काओ करेंगे, साथ ही किसान भाइयों को नेनो यूरिया के लाभ तथा उर्वरकों की उचित मात्रा के बारे में भी जानकारी देंगी।

डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं सहायता समूह के माध्यम से भी भी नारियों को अपने पैरों पर खड़ा कर रहे है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से बने उत्पादों को बाजार भी उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने उद्बोधन में बार बार स्वयं सहायता समूहों का जिक्र करके स्वयं सहायता समूह का प्रचार भी करते हैं।

### सट्टा खाईवाली करने वाला काबू, 740 रुपए बरामद

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
थाना रामनगर की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए प्रेमनगर नजदीक रेलवे रोड से जसविंद्र सिंह पुत्र महिंद्र सिंह वासी प्रेम नगर को काबू किया। मौके पर तलाशी लेने पर आरोपी से 740 रुपए की राशि बरामद की। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### कैंटर में अज्ञात ने लगाई आग

**समालखा /टीम एक्शन इंडिया**
गांव कारकौली में एक व्यक्ति के कैंटर में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। पुलिस को दी शिकायत में सुभाष सैनी ने बताया कि हमारे पड़ोस में विकास सैनी के घर कुँआ पुजन का प्रोग्राम था। रात 11.00 के उसकी गाड़ी में आग लगी हुई थी लेकिन पास में कोई मौजूद नहीं था। किसी तरह से उन्होंने आग को बुझाया। उसने आरोप लगाया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके कैंटर में आग लग दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### मारपीट का केस दर्ज

**समालखा /टीम एक्शन इंडिया**
गांव नारायणा के रहने वाले दो युवकों ने गांव के ही कुछ युवकों पर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत में हरीश व सुमित ने बताया कि रात करीब 10 बजे वो गांव के अड्डे से घर जा रहे थे। रास्ते में दीपक, राहुल ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर रॉड, डंडों से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### तेजधार हथियार व ईंट से किया हमला

**समालखा /टीम एक्शन इंडिया**
खटीक बस्ती के रहने वाले एक युवक ने गांव किवान के तीन युवकों पर तेजधार हथियार व ईंट से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में दीपक निवासी खटीक बस्ती ने बताया कि उसकी शास्त्री कालोनी चुलकाना रोड पर स्टार चिकन कार्नर के नाम से दुकान है। गांव किवान के सुनील, रिंकु व उनके एक अन्य साथी ने मारपीट की। सुनील ने चिकन काटने वाले तेजधार हथियार से तथा रिंकु ने ईंट से हमला कर किया।

# आर्थिक तौर पर मजबूत हो रहा है मथुराः नागेन्द्र प्रताप सिंह

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
एमवीडीए के उपाध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा है पर लगातार उद्योगों की नजर बनी हुई है वह टाटा मोटर्स के अधिकृत डीलर नवल मोटर्स पर टाटा की नई कार पंच इवी लॉन्चिंग के अवसर पर बोल रहे थे। इसका लोकार्पण मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रताप ने किया। नवल मोटर्स के डायरेक्टर माधव अग्रवाल ने लॉन्चिंग पर आए सभी अतिथियों एवं ग्राहकों को कार के बारे में जानकारी दी। प्रतिष्ठित कार



कंपनी टाटा मोटर्स के अधिकृत डीलर नवल मोटर्स के नवीन शोरूम पर टाटा की नई कार पंच ईवी मथुरा वृंदावन के उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रताप द्वारा अनावरण करके लॉन्च की गई इस मौके पर मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया के वर्तमान समय में मथुरा आर्थिक तौर पर मजबूत हो रहा है। लगातार प्रगति कर रहा है। मथुरा वासियों की आय में हो रही लगातार वृद्धि एवं अच्छे विकास की वजह से विभिन्न कंपनियों की मथुरा पर नजर है इसीलिए लगभग हर बड़ी कंपनी जो मध्यम वर्ग एवं उच्च मध्यम वर्गीय जनता को अपना ग्राहक मानती है वह मथुरा में अपने प्रतिष्ठान एवं लगभग पूरी श्रृंखला उपलब्ध करा रही है टाटा मोटर्स की गाड़ियों को लोग बहुत पसंद करते हैं इसीलिए आज टाटा मोटर्स ने अपने शोरूम नवल मोटर्स पर इस गाड़ी को लांच किया है इलेक्ट्रिक व्हीकल होने के कारण यह नई कर मध्यम वर्ग एवं उच्च मध्यम वर्गीय में खासी पकड़ बनाएगी क्योंकि इसकी चलाने की कीमत बहुत कम होगी सरकार का भी प्रयास है अधिक से अधिक चार्जिंग स्टेशन बनाकर इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों को कार चलाने में दिक्कत ना आए इसकी व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर नवल मोटर्स के निर्देशक माधव अग्रवाल ने गाड़ी के बारे में जानकारी देते हुए बताया के कार के चार संस्करण उपलब्ध है जिनके नाम स्मार्ट, एडवेंचर, एंपावर्ड प्लस है कार में लगभग सभी आधुनिक फीचर हैं कार की एक्स शोरूम कीमत 10.99 लाख से शुरू होती है।

## सिम पोर्ट करने वाला गिरोह हुआ बेनकाब तो पुलिस रह गई हैरान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सिम पोर्ट कराते समय सावधान रहें। हालांकि आप ज्यादा कुछ करने की स्थिति में नहीं हैं। मथुरा पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को पकडा है जो सिम पोर्ट करने का काम करता है और जिन लोगों के सिम पोर्ट करता है उन्हीं के आधार कार्ड पर अन्य सिम निकाल कर उन्हें साइबर क्राइम करने वालों को बेच देते हैं। थाना गोवर्धन पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से 53 फर्जी सिम कार्ड व 251 फर्जी सिम कार्ड, तीन मोबाइल बरामद किये गये हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा के मुताबिक सकरवा बाई पास चौराहा से विजय गंगवार पुत्र खेमकरन निवासी मुड़िया तेली थाना नवाबगंज जनपद बरेली, करन गंगवार पुत्र रमेश गंगवार निवासी मुडिया तेली थाना नवाबगंज जनपद बरेली तथा शिवम मिश्रा पुत्र रजनीश मिश्रा निवासी बोहर नगला थाना नबाव गंज जनपद बरेली को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग अपने अपने क्षेत्र में सिम पोर्ट कराने का काम करते हैं। इन लोगों को जानकारी हुई कि राजस्थान के कुछ गांवों में काफी लोग साइबर क्राइम करते हैं। जिसके लिये उन्हें फर्जी नाम पते की सिम कार्ड की आवश्यकता होती है तो तीनों लोगों द्वारा मिलकर यह सभी सिमकार्ड पोर्ट कराने के नाम पर कस्टूमरों को गुमराह कर उनकी ई केवाईसी कराकर एक सिम उनको दे देते हैं तथा एक सिम उनका आधार कार्ड पुनः लगवाकर डी केवाईसी के माध्यम से एक्टीवेट करा लेते हैं। लोगां के फर्जी आधार कार्ड तैयार कर उन्हें असली के रुप में प्रयोग कर उनसे भी फर्जी सिमकार्ड प्राप्त कर लेते हैं।

## समालखा पालिका अधिकारियों के खिलाफ चेयरमैन हुए सख्त

**समालखा( कुलदीप सिंह )**
समालखा नगर पालिका के अधिकारी ढीठ बनकर बैठे हैं। पिछले पौने दो साल में शहर में एक भी विकास कार्य शुरू नहीं हुआ।जेई, एमी व सचिव टैंडर प्रक्रिया के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर रहे हैं। पालिका अधिकारियों पर यह आरोप किसी व्यक्ति विशेष ने नहीं बल्कि शहर की सरकार यानि पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल ने लगायें है। चेयरमैन अशोक कुच्छल ने इन अधिकारियों की शिकायत पानीपत नगर निगम आयुक्त को भी की हुई है तथा अब प्रदेश के निकाय मंत्री व मुख्यमंत्री से मिलने की बात कह रहे हैं, इतना ही नहीं चैयरमेन ने काम नहीं तो दाम नहीं की बात कहते हुए अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस थमाते हुए सेलरी रोकने की निगमायुक्त से मांग की है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले एसडीएम ने भी पालिका अधिकारियों का वेतन रोक दिया था जिसे निगमायुक्त ने पुनः शुरू कर दिया।



सोमवार को पालिका कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए चेयरमैन अशोक कुच्छल पालिका अधिकारियों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगने वाली है इसलिए उन्होंने चार पांच दिन पहले निगम आयुक्त राहुल नरवाल से मुलाकात कर समालखा में विकास कार्य शुरू कराने की अपील की थी।


## संदिग्ध हालत में 13 वीं मंजिल से गिरी युवती, मौके पर ही मौत

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
कुंडली थाना क्षेत्र के स्थित फ्लैट से संदिग्ध हालत में 13 वीं मंजिल से गिरकर युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

एक महिला ने पुलिस को बयान देकर बताया कि उसकी बेटी सिमरन (26) गत दिनों से काफी मानसिक परेशान चल रही थी। वह उससे कम प्यार करने की बात कहती थी। वह दिन में घर पर मौजूद थी। उसी दौरान वह नीचे कूद गई। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कार में जिंदा जल गया युवक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना फरह इलाके के गांव नगला चंद्रभान दीनदयाल धाम चौकी स्थिति स्विफ्ट डिजायर कार में युवक का जला हुआ शव मिला। हत्या कर कार में आग लगाये जाने या गाड़ी में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की आशंका व्यक्त की जा रही है। कार में आग लगने और व्यक्ति के जलने की घटना का पुलिस हर कोण से जांच कर रही है। यह घटना दीनदयाल धाम से परखम जाने वाले मार्ग पर आरएसपी कोल्ड के पास घटित हुई है। इस स्विफ्ट गाड़ी में एक व्यक्ति सवार था। तरह जल गई हैं कि मृतक की शिनाख्त 30 वर्षीय चंद्रपाल पुत्र इंद्रपाल निवासी कासगंज के रूप में हुई है। फरह



थाने में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर मुस्तकीम अली के अनुसार यह घटना सुबह जल्दी या देर रात की हो सकती है। मौके पर थाना पुलिस ने पहुंचकर छानबीन की है और फोरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की है। पुलिस इस तथ्य की जांच भी कर रही है कि गाड़ी में आग खुद लगी है या किसी के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार ने बताया कि यह गाड़ी आगरा के एमएम गेट निवासी विजय कुमार पुत्र युवराज की है उनसे पूछताछ की जा रही है ।

## नागरिक अस्पताल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन दो हजार पार, सबसे ज्यादा वायरल बुखार

**ओपीडी**

**8 दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को अस्पताल में दिखी मरीजों की लंबी लाइनों**

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
नागरिक अस्पताल सोनीपत में दो दिन की छुट्टियों के बाद ओपीडी रजिस्ट्रेशन व चिकित्सकों की ओपीडी के बाहर भारी भीड़ देखने को मिली। अस्पताल में आने वाले मरीजों की ओपीडी सोमवार को दो हजार से ज्यादा दर्ज की गई। मौसम के बदलाव का असर आम जन में देखने को मिल रहा है। सुबह-शाम से हो रही ठंड लोगों की सेहत को खराब कर रही है। नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी के बाहर मरीजों की ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही है। अस्पताल में सोमवार को मरीजों की भीड़ ज्यादा देखने को मिली। लाइनों में ज्यादातर बुखार से ग्रस्त मरीजों की संख्या है। अस्पताल में मरीजों को टेस्ट रिपोर्ट व सैंपल देने के लिए दो से तीन दिन तक अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से ओपीडी में मरीजों के लिए चिकित्सकों को हर संभव मरीजों की मदद करने के निर्देश दिए है।

बता दें कि उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप कम होता जा रहा है। हालांकि सुबह-शाम की ठंड लोगों को बीमार कर रही है। दिन में गर्मी होने के बाद शाम को ठंडक महसूस होती है। मौसम का असर आमजन में ज्यादातर बुजुर्ग व बच्चों में दिखाई दे रहा है। अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइनें लग रही है। नागरिक अस्पताल में 200 बेड की सुविधा है। वहीं हर रोज ओपीडी रजिस्ट्रेशन की बात कर तो अस्पताल में 1200 के करीब ओपीडी रहती है। शनिवार व रविवार की छुट्टी होने के चलते सोमवार को नागरिक अस्पताल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन की संख्या 2000 के पार पहुंच गई। रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइनें लग गई। मरीज को उपचार के लिए दो से तीन घंटों तक का इंतजार करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

बुजुर्गो व बच्चों की ओपीडी में हुई बढ़ोतरी-

नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के साथ-साथ ओपीडी में मरीज लाइनों में लगकर अपना इंतजार करते रहे। ओपीडी-7,8,9 सहित बच्चों की ओपीडी नंबर-5 में ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही है। बच्चों की चिकित्सक डा.अलकृिता ने कहा ने बताया कि मौसम बदलाव का असर आमजन पर पड़ रहा है। जिसमें बच्चें भी शामिल है। हाल के दिनों में बच्चों की ओपीडी 150 से लेकर 220 तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि इस मौसम में बच्चों का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। डा. शैलेंद्र राणा ने बताया कि एक ओपीडी में 350 के पार पहुंच गई। मौसम बदलाव में बीमार होना आम बात है। हाल के दिनों में दिन गर्म व देर-शाम ठंड लगती है। जिसके चलते लोग बुखार, खांसी, जुकाम के मरीजों की संख्या ज्यादा है। लोग मौसम बदलाव को हल्के में न ले। पेय पदार्थ में ठंडा, कोल्ड ड्रिंक बिलकुल इस्तेमाल न करें।

टेस्ट रिपोर्ट व सैंपल के लिए दो-तीन दिन का इंतजार-अस्पताल में बढ़ रही मरीजों की भीड़ के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सक मरीज का टेस्ट लिखते है। ताकि बीमारी का सही उपचार रिपोर्ट के आधार पर किया जा सके।

## फैक्टरी में काम करते समय श्रमिक के हाथ की अंगुली कटी

**सोनीपत**
कुंडली स्थित खिलौना फैक्टरी में काम झिरी मशीन पर काम कराने के चलते श्रमिक के हाथ अंगुली कट गई थी। श्रमिक ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी। जिसके बाद पांच माह बाद पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव बागपत उत्तर प्रदेश निवासी सूरज ने मुख्यमंत्री के नाम भेजी शिकायत में बताया कि वह कुंडली स्थित खिलौना फैक्टरी में हेल्पर के पद पर काम करता था। वहां पर 28 सितंबर, 2023 में सुपरवाईजर व मैनेजर ने जबरन उन्हें झीरी काटने वाली मशीन पर कार्य करने के लिए कहा था। तब उसने मशीन पर काम करने से मना कर दिया था। सूरज का आरोप है कि उसके साथ जबरदस्ती कर मशीन पर कार्य करने के लिए लगा दिया। उसे मशीन पर काम करना नहीं आता था। मशीन में झटका लगते ही उनके दाएं हाथ की दो अंगुलियां कट गई थी। जिसमें से एक तो अलग हो गई थी। आरोप है कि जब वह दर्द से चिल्लाने लगा तो सुपरवाइजर व मैनेजर और एक अन्य ने उन्हें धमकाकर हाथ पर कपड़ा बांधने को कहा। उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। बाद में उन्हें दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। कंपनी की तरफ से उन्हें वेतन के साथ-साथ दवा का खर्च देने का आश्वासन दिया था। अब कंपनी की तरफ से कोई सहयोग नहीं दिया जा रहा है। जिसके बाद मुख्यमंत्री हरियाणा को शिकायत दी। अब इस मामले में कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## घर से दुकान के लिए निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
शहर थाना क्षेत्र में घर से दुकान के लिए निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया। युवक के पिता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मु कदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवक की तलाश के प्रयास कर रही है।

कालुपुर निवासी सतबीर ने बताया कि उसका लड़का सन्नी हरियाणा साड़ी भंडार पर काम करता है। उसका लड़का उसे बार-बार घुमने की बात कहता रहता है। गत 17 फरवरी को उसका बेटा घर से दुकान पर गया था। उसने पता किया तो वह दुकान पर नहीं पहुंचा न ही वापिस घर आया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## सडक पर ट्रेक्टर खडे कर दिया किसान आंदोलन को समर्थन

**विरोध प्रदर्शन**

**8 दिल्ली आगरा हाईवे पर महेश्वरी हॉस्पिटल के पास ट्रैक्टर खड़े कर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
किसान संयुक्त मोर्चा और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देश पर दिल्ली की तरफ जाने वाले हाईवे पर ट्रैक्टर खड़े करके शांति प्रिय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन महानगर मथुरा के कार्यकताओं ने किया। दिल्ली आगरा हाईवे पर महेश्वरी हॉस्पिटल के पास ट्रैक्टर खड़े



कर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष सलीम खान, समाजसेवी लोकेश कुमार रही ने संयुक्त रूप से कहा कि यह सरकार तानाशाहों की सरकार है। यह सरकार किसानों के हित की बात नहीं करती है। किसान अपनी मांगों को लेकर अगर सरकार के दरवाजे पर जाता हैं तो किसान के ऊपर लाठियां बरसाने का काम करती है। टियर गैस के गोले छोड़ने का काम करती है। किसान के रास्ते में कीलें बिछाई जाती हैं। बेरीकेडिंग लगती हैं। सरकार को एमएसपी पर कानून बनाने, डॉ. स्वामी नाथन की रिपोर्ट लागू की जाए। जो किसान आंदोलन में शहीद हुए हैं उनको मुआवजा दिया जाए। किसान अपनी मांगों को लेकर यूं ही धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को जगाने का काम करेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से चित्रसेन मौर्य, आशिक अली, जितेंद्र झा, असगर अली, आलमगीर, रमेश सैनी, मोहन पहलवान, कृष्ण वीर सोलंकी, चांद कुरैशी, हकीम अली, संजय प्रताप, सलीम कुरैशी, राजकुमार, अशोक कुमार, छोटेलाल, सिद्धू चौधरी, केशव देव, प्रताप चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## मथुरा पर चर्चा में युवाओं ने रखे वर्तमान राजनीति पर विचार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मथुरा में डैंपियर नगर में आयोजित मथुरा पर चर्चा कार्यक्रम में मथुरा के युवाओं ने भाग लेकर मथुरा के युवाओं की दिल की बात करते हुए मथुरा के विकास को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी और अमेरिका से भारत लौटे हितेंद्र सिंह ने कहा कि आज के युवा विशेषकर जो उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं और जिसे हम एक शिक्षित युवा कह सकते हैं उन्हें राजनीति को लेकर कोई भी रुचि नहीं है। शिक्षित युवाओं में राजनीति तथा राजनेताओं के प्रति अक्सर नाराजगी देखने को मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सार्थक चतुर्वेदी ने कहा कि भारत



और मथुरा की राजनीति में नेतृत्व युवाओं को मिलना चाहिए, जब हम अधिकारियों में युवाओं पर भरोसा करते हैं तो नेतृत्व के लिए भी राष्ट्रीय पार्टियों को युवाओं पर भरोसा जताना चाहिए। भारत की लगभग 70 प्रतिशत आबादी युवा है लेकिन अगर नेतृत्व की बात की जाए तो प्रतिशत बहुत ही कम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार ये कहते हैं की युवाओं को मौका मिलना चाहिए लेकिन देश में पार्षद से लेकर प्रधानमंत्री तक परिवार वाद और अपनी कुर्सी न छोड़ने को लेकर राजनेता ये चाहते हैं कि उनको कभी न रिटायर होना पड़े और अगर होना भी पड़े तो उनकी जगह उनके परिवार के किसी सदस्य को वो कुर्सी मिल जाए। ऐसी स्थिति में करोड़ो युवा कार्यकताओं के साथ राष्ट्रीय पार्टियां धोखा कर रही हैं। सेना से सेवा निवृत हुए मेजर लवेन्द्र चौधरी ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के युवा राजनीति में सिर्फ भीड़ का हिस्सा हैं उनको सिर्फ भीड़ भड़ाने में उपयोग किया जाता है तथा शिक्षित युवाओं को राष्ट्रीय पार्टियां अपना दावेदार बनाने से भी कतराती हैं। इस मौके पर भारत गौतम, मोहित शर्मा, संजीव शर्मा, सूरज, दीपांकर भाटिया, वरुण अरोड़ा, अनुराग बंसल, गौरव, लक्ष्य अरोड़ा, सीए योगेश अग्रवाल, देवेद्र गुप्ता, दिनेश कुमार सिंह एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## नालियां खोदकर छोड़ी, गली में भरा गंदा पानी, रोष प्रदर्शन

**समालखा ( कुलदीप सिंह )/टीम एक्शन इंडिया**
गली को खोदकर अधूरा छोड?, घटिया सामग्री का प्रयोग करने को लेकर शहर की भटनागर गली वासियों ने ठेकेदार व नगरपालिका के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। मौके पर पहुंचे नपा सचिव, एमई व जेई ने निरीक्षण किया।

रतन सिंह, संजय, मास्टर प्रेम, अंजय गुप्ता, साहिल बंसल, वेद बंसल, राजबाल, गेंदो देवी , अंजू, प्रीति, कुसुम, पिंकी आदि ने बताया कि करीब दो सप्ताह पहले ठेकेदार ने खुली नालियों की जगह सीमेंट के



पाईप डालने के लिए खुदाई की थी। ठेकेदार ने दोनों तरफ से गली को खोद दिया। कुछ कार्य करने के बाद उसे अधर में छोड़ दिया। इसके चलते उनकी निकासी व्यवस्था ठप्प हो गई। गंदा पानी खोदे गए गड्ढों में भरने के कारण बदबू फैली हुई है और मक्खी-मच्छरों की भरमार हो गई है। वो नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। कई बार तो लोग गिर कर चोटिल भी हो चुके हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 27 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## हरियाणा का पशुधन देख प्रभावित हुए भाजपा प्रभारी देब

**चंडीगढ़: हरियाणा** भाजपा के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि हरियाणा का पशुपालन सेक्टर नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। हरियाणा पशु प्रेमी प्रदेश है और हरियाणा के पशुओं की दूध की ताकत के दम पर ही राज्य के खिलाड़ियों ने पूरी दुनिया में धूम मचाई है। श्री देब आज जिला महेंद्रगढ़ के गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 40वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी-2024 के पुरस्कार एवं समापन समारोह में संबोधित कर रहे थे। सबसे पहले उन्होंने पशुधन प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा हरियाणा का पशुधन व पशुपालन विभाग की योजनाओं को देखकर काफी प्रभावित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपालन एवं डेयरी तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल ने की। इसके अलावा उन्होंने पशु पालकों को लाखों का ईनाम देकर सम्मानित किया।

बिप्लब देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत आर्थिक सहायता दी जाती है, वहीं हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार पशुपालकों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। पशुपालन विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन में पहली बार पशुओं को रैंप पर चलते हुए देखा है।श्री देब ने हरियाणा के नागरिकों के स्वभाव की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा के लोगों को धमकी व धन से नहीं खरीदा जा सकता, उन्हें प्यार से जीता जा सकता है। हरियाणा बीजेपी प्रभारी ने कहा कि आजादी के बाद से किसानों के बारे में कोरी बातें होती थी। 2014 के बाद देश व प्रदेश में किसानों व पशुपालकों की तकदीर बदली है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि मोदी है तो देश व हरियाणा का सम्मान सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत को पांचवी बड़ी ताकत बनाने का कार्य किया है।

## राज्य में 117 लाख 79 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर: राज्य सरकार** द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर रिकार्ड खरीद की जा चुकी है। कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है।

# 'डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग से देश को बनाएंगे आत्मनिर्भर'

### सीएम योगी ने कानपुर में अदाणी के एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन, उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडेय

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को साढ़ स्थित डिफेंस कॉरीडोर में अदाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले जहां यूपी में तमंचे लहराए जाते थे, वहीं अब प्रदेश के डिफेंस कॉरीडोर के सभी 6 नोड्स भारत को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गये हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान देश के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे। अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अदाणी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का अवलोकन भी किया।

**2018 में पीएम ने यूपी को दी थी डिफेंस कॉरीडोर की सौगात:** समारोह के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये क्षण उनके लिए अत्यंत आह्लादित करने वाला है। सीएम ने कहा कि 2018 में जब हमने अपना पहला इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने देश में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरीडोर की घोषणा की थी। भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरीडोर की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री ने यूपी में 6 नोड्स की घोषणा की थी। इसमें अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट शामिल हैं, जिसमें कानपुर नोड में अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस लिमिटेड ने अपना कार्य प्रारंभ किया है।

यूपी के डिफेंस कॉरीडोर में दिग्गज कंपनियां कर रहीं निवेश: सीएम योगी ने बताया कि यूपी में डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 5 हजार हैक्टेयर के बड़े कॉरीडोर को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया गया है। अबतक 5हजार एकड़ लैंड को प्राप्त कर लिया गया है। इसमें लखनऊ में जहां ब्रह्मोस, झांसी में भारत डायनमिक्स लिमिटेड, आर्म व्हीकल निगम लिमिटेड और टाटा टेक्नोलॉजीस लिमिटेड, ग्लोबल इंजीनियरिंग लिमिटेड और डब्ल्यूवी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड का कार्य प्रारंभ हुआ है, वहीं अलीगढ़ नोड में एंकर रिसर्च लैब एलएलपी और कानपुर में अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी लिमिटेड जैसी बड़ी बड़ी कंपनियां काम कर रही हैं।

**आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सिलेंस:** मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉरीडोर के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सिलेंस के तौर पर नामित किया गया है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए साझेदारी दिखाई दी है। सीएम ने बताया कि यूपी के डिफेंस कॉरीडोर में डिफेंस एंड एयरोस्पेस सेक्टर में स्टार्टअप्स के सहयोग के लिए संपूर्ण वातावरण बनाने का कार्य हुआ है।



#### 'देश का सबसे बेहतरीन औद्योगिक शहर बनेगा बीडा'

**आज** उत्तर प्रदेश, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। यूपी को 2017 से पहले देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा माना जाता था। आज यही प्रदेश विकास के नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हाल ही में जीबीसी 4.0 के माध्यम से 10 लाख 24 हजार करोड़ का निवेश धरातल पर उतरा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश वहीं होता है, जहां व्यक्ति के साथ साथ पूंजी को भी सुरक्षित वातावरण मिले। सीएम योगी ने बताया कि नोएडा की स्थापना के 46 वर्ष बाद प्रदेश सरकार बुंदेलखंड में बीडा के रूप में नया औद्योगिक शहर बसाने जा रही है। ये देश का सबसे बेहतरीन औद्योगिक शहर बनेगा। इस हिसाब से इस पूरे क्षेत्र के युवाओं को सबसे स्किल्ड कार्यबल के रूप में तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अदाणी समूह द्वारा यूपी के कानपुर और तेलंगाना के हैदराबाद में एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स के शुभारंभ को लेकर बधाई दी और कहा कि ये प्रयास भारत को डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**मैन्युफैक्चरिंग हब**

> 500 एकड़ में फैला है साउथ एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन एंड मिसाइल कॉम्प्लेक्स



नवनियुक्त राज्यसभा सांसद एवं हिसार लोकसभा प्रभारी सुभाष बराला अपने निर्वाचन के बाद सोमवार को पहली बार हिसार भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ एवं अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## 'उरी-बालाकोट हमले ने आतंकवाद को दिया करारा जवाब'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि उरी और बालाकोट हमले पश्चिमी मोर्चे पर बढ़ते आतंकवाद को भारत का करारा जवाब था। एस जयशंकर ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में 'भारत और विश्व' विषय पर पंडित हृदय नाथ कुंजरू मेमोरियल व्याख्यान 2024 को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उरी और बालाकोट हमले से भारत ने विश्व को जीत का संदेश दिया है। जयशंकर ने भारत के मजबूत होते वैश्विक पदचिह्न के बारे में बोलते हुए कहा कि पश्चिमी मोर्चे के आतंकवाद को करारा जवाब मिला। वैश्विक व्यवस्था के आर्थिक और राजनीतिक पुनर्संतुलन में प्रगति हुई है। जी20 ने जी7 पर कब्जा कर लिया है। कई नए समूह और तंत्र अस्तित्व में आए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं की सूची में बदलाव आया है और भारत पिछले दशक में छह स्थान ऊपर आ गया है।

## धामी सरकार ने वीर नारियों को दिया सम्मान

### शहीद की पत्नी बनेगी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** धामी सरकार वीर नारियों को सम्मान देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। विभाग में पहली बार दो महिला सैन्य अधिकारियों का भी चयन हुआ है, जिसमें एक महिला सैन्य अधिकारी विंग कमाण्डर डॉ. सरिता पंवार, अमर शहीद स्क्वाड्रन लीडर महेन्द्र सिंह पंवार की पत्नी हैं। सैनिक कल्याण विभाग में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के पद पर छह नये सेवानिवृत सैन्य अधिकारियों को चयनित कर उन्हें निदेशालय और विभिन्न जनपदों के तैनाती दे दी गयी है। सोमवार को सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के अनुमोदन के बाद सैनिक कल्याण विभाग के सचिव दीपेन्द्र चौधरी की ओर से जारी आदेश के क्रम में विंग कमाण्डर निधि बधानी को सैनिक कल्याण निदेशालय में उप निदेशक पर पदस्थापित किया गया है और विंग कमाण्डर सरिता पंवार को हरिद्वार, कर्नल उमेद सिंह को चम्पावत, कर्नल जयेश बड़ोला को उत्तरकाशी, कर्नल करम सिंह बिष्ट को पिथौरागढ़, कर्नल रमेश सिंह को नैनीताल का नया सैनिक कल्याण अधिकारी नियुक्त किया है। कर्नल चन्द्र बहादुर पुनः को पिथौरागढ़ से उधमसिंहनगर, कर्नल सुबोध कुमार शुक्ला को नैनीताल से चमोली तथा मेजर करन सिंह को हरिद्वार से पौड़ी जनपद में स्थानान्तरित किया गया है। सैनिक कल्याण सचिव की अध्यक्षता वाली चयन समिति में रक्षा मंत्रालय एवं केन्द्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से सभी छह सैनिक कल्याण अधिकारी के पद पर नियुक्ति प्रदान की गयी है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने चयनित अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में सतत प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को समर्पित होकर कार्य कर रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सैनिक कल्याण विभाग की ओर से यह निश्चित तौर पर यह कदम सराहनीय है। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश में सैनिक कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। शहीदों के सम्मान में सैन्यधाम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सैन्यधाम निर्माण से पूर्व प्रदेशभर में शहीद सम्मान यात्रा और शहीदों के आंगन की मिट्टी और उत्तराखण्ड की प्रमुख 28 पवित्र नदियों का जल अमर जवान ज्योति के मुख्य स्तंभ की आधारशिला में अर्पित किया गया।

**सम्मान**

> विंग कमाण्डर डॉ. सरिता पंवार, अमर शहीद स्क्वाड्रन लीडर महेन्द्र सिंह पंवार की पत्नी हैं

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति छू रही हैं बुलंदियां: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/ कैथल:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की नारी शक्ति हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही है। आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां महिलाओं ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी हो। श्री सैनी सोमवार को कैथल पार्टी कार्यालय में नारी शक्ति वंदन एवं स्वयं सहायता समूह व एनजीओ संपर्क अभियान के तहत आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर व कार्यक्रम की संयोजक ज्योति सैनी ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

इस मौके पर श्री सैनी ने मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं की जानकारी भी दी।

नायब सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा है। अब महिला मोर्चा की टीम सक्रिय होकर घर-घर जाकर मोदी और मनोहर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जानकारी दें। गांव में रहने वाली महिलाओं को मोर्चा की महिलाएं इस महिलाओं के लिए बनाई गई योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें पार्टी से भी जोड़ें।

## आरबीआई ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह-2024 का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़**

वित्तीय साक्षरता सप्ताह (एफएलडब्ल्यू), 2016 से, आरबीआई की एक वार्षिक पहल है, जिसका उद्देश्य एक लक्षित अभियान के माध्यम से वित्तीय मुद्दों पर जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस वर्ष की थीम, "करो सही शुरूआत: बनो फाइनेंशियली स्मार्ट", व्यक्तिगत वित्त की जटिलताओं से निपटने और दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और सफलता के लिए एक ठोस वित्तीय आधार तैयार करने के लिए युवाओं को सशक्त बनाने के महत्व को रेखांकित करती है । आरबीआई के चंडीगढ़ कार्यालय द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह -2024 का प्रारंभ 26 फरवरी 2024 को किया गया। पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के, भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक, श्री विवेक श्रीवास्तव कार्यक्रम में उपस्थित रहे और अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों यथा श्री विनोद जयसवाल, सीजीएम (एसबीआई), श्री रघुनाथ बी, सीजीएम (नाबार्ड), वाणिज्यिक बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक, गैर सरकारी संगठन और वित्तीय साक्षरता परामर्शदाताओं के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन भी किया।

**लक्षित अभियान**

> आरबीआई की पहल है, जिसका उद्देश्य एक लक्षित अभियान के माध्यम से वित्तीय मुद्दों पर जागरूकता को बढ़ावा देना

## प्रोपेगैंडा नहीं, सत्य होनी चाहिए न्यूज: योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक मीडिया समूह के संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: समाज की भाव**नाओं को शासन तक पहुंचाने का मीडिया एक सशक्त माध्यम है। हमारी सरकार भी हर न्यूज को सुझाव के रूप में देखती है। न्यूज अगर सत्य है तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि कोई संवेदनशील सरकार उसका संज्ञान ना ले। हमारी सरकार हर खबर का संज्ञान लेती है, बशर्ते वो कोई प्रोपगेंडा ना हो। साथ ही साथ मीडिया के द्वारा समाज के आमजन और प्रबुद्धजनों के विचारों को भी हम मार्गदर्शन के रूप में लेते हैं, ये हमारे लिए सुझाव का कार्य करता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान कही।



**लोकतंत्र में सभी स्तंभों का अपना-अपना महत्व:** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र में सभी स्तंभों का अपना अपना महत्व है। मीडिया की भी अपनी सशक्त भूमिका है। इसके अलग अलग स्वरूप हो सकते हैं। प्रिंट, टीवी और अब सोशल एवं डिजिटल मीडिया ने व्यवस्था को प्रभावित किया है।

इन स्थितियों में प्रिंट की भूमिका को आज भी किसी भी स्थिति में कमतर करके नहीं आंका जा सकता। इन सभी माध्यमों के अपने अपने प्रशंसक हैं।

**संज्ञान**

> न्यूज अगर सत्य है तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि कोई संवेदनशील सरकार उसका संज्ञान ना ले

## विदेशों में नौकरी करने वाले उठा रहे हैं आयुष्मान कार्ड का लाभ

**मुरादाबाद: मुरादाबाद** में आयुष्मान योजना में फजीवाड़ा करने के आरोपों में मिशन अस्पताल की फाइलों की जांच चल रही है। इसमें सामने आया है कि जिन परिवारों के मुखिया विदेश में नौकरी कर रहे हैं, उनके भी आयुष्मान कार्ड बने हैं। इतना ही नहीं आयुष्मान कार्ड से सर्जरी का लाभ भी लिया है। अब विभाग ऐसे लोगों की सूची भी तैयार कर रहा है। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि मिशन अस्पताल के आयुष्मान योजना में फजीवाड़े की जांच जल्द ही पूरी हो जाएगी।

## 'गोहत्या बन्द करने के लिए भारत बंद में करें भागीदारी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने देश में गोहत्या बंद करने के लिए आगामी दस मार्च को सिर्फ दस मिनट के लिए भारत बंद का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 10 मार्च को पूर्वाह्न 10:10 बजे तक सिर्फ बंदी में शामिल लोग अपने-अपने घर, कार्यालय अथवा प्रतिष्ठान के बाहर निकलकर गोमाता के प्रति अपने हृदय की भावना को प्रकट करें। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सोमवार अपराह्न केदारघाट स्थित श्री विद्यामठ में मीडिया कर्मियों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में गोहत्या महापाप है। गोहत्या करने वाले को समर्थन देने वाले को भी यह पाप लगता है। इसलिए सत्ता में आकर गोहत्या करने वाले राजनीतिक दलों को मत देने वाले मतदाताओं को भी गोहत्या का पाप लग रहा है। हिन्दुओं को इससे बचने और अपने मताधिकार का सही प्रयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आपके द्वार पर जो भी दल के लोग वोट लेने आएं उनसे आप यह कह सकते हैं कि गो हत्या न करने का शपथ-पत्र लिखित रूप से देने पर ही वोट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एनडीए और इण्डिया की तर्ज. पर गो-गठबन्धन बनायेंगे। गोमाता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए हम स्वयं आगामी 14 मार्च 2024 को वृन्दावन से दिल्ली तक की पदयात्रा करेंगे। यह यात्रा गोवर्धन परिक्रमा से आरम्भ होगी और वर्ष 1966 में जहाँ गोभक्तों पर गोली चली थी संसद भवन दिल्ली के उस स्थान पर जाकर रामा गो की रक्षा करने के संकल्प के साथ पूर्ण होगी।

## अब गौलापार में होगी अतिक्रमण पर कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानी**

**अतिक्रमण** को लेकर प्रशासन लगातार तीखी कार्रवाई करने जा रहा है।बनभूलपुरा के बाद अब तराई पूर्वी रेंज के गौलापार स्थित बागजाला में अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू हो गई है। वन विभाग ने इसके लिए पुलिस प्रशासन को चिट्ठी लिखकर फोर्स उपलब्ध कराने को कहा है। इसके अलावा वन विभाग अपने दूसरे रेंजों से भी फोर्स को मंगवा रहा है। आगामी 27 फरवरी को यह कार्रवाई शुरू की जा सकती है। वन विभाग अतिक्रमण को लेकर बड़ी कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह योजना बना रहा है। वन विभाग ने अतिक्रमण कार्यों को सचेत करने के लिए मुनादी भी शुरू कर दी है। नए निर्माण पर सबसे पहले बुलडोजर चलाई जाने की उम्मीद है।

**सख्ती**

> वन विभाग ने इसके लिए पुलिस प्रशासन को चिट्ठी लिखकर फोर्स उपलब्ध कराने को कहा है

**विकास** मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं, उज्जैन के समृद्ध धार्मिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्व से रूबरू होंगे उद्योगपति

## कॉन्क्लेव: 169 उद्योगपतियों को 6774 करोड़ की भूमि की जाएगी आवंटित

**टीम एक्शन इंडिया**

**उज्जैन:** मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिसे आकार देने के लिए वृहद स्तर पर उज्जैन में 1 एवं 2 मार्च को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिससे उज्जैन, इंदौर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में औद्योगिक विकास के द्वार खुलेंगे। विशेष बात यह है कि इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मौके पर ही 169 उद्योगपतियों को 6774 करोड़ की भूमि आवंटित की जाएगी। जिसके सहित कुल 8000 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास होगा। जिससे 12000 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। साथ ही साथ प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र में भी भूमिपूजन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में अभी तक 662 बायर द्वारा और 2551 सेलर द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है। जो जारी हैं। कलेक्टर ने बताया कि बायर और सैलर में प्रमुख रूप से फूड और एग्रो प्रोडक्ट्स, सर्विस सेक्टर, इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स, केमिकल एंड एलाइड प्रोडक्ट्स, टेक्सटाइल, प्लास्टिक , हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट, इलेक्ट्रिकल ,जेम एंड ज्वेलरी, रियल एस्टेट, लेदर, स्पोर्ट्स, फिश एंड मरीन प्रोडक्ट्स के सेक्टर शामिल है। देश में आईटी सेक्टर्स के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में यूएसए, फिजी, मंगोलिया के गवर्मेंट डेलीगेशन और जापान, जर्मनी के बिजनेस डिलेग्शन शामिल होंगे।



**भगवान महाकाल को विशेष भोग:** प्रदेश के सर्वांगीण विकास और इंडस्ट्री कांक्लेव के सफल आयोजन के लिए सर्वप्रथम भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया जाएगा। भगवान महाकाल को 6.25 क्विंटल लड्डू का भोग लगाया जाएगा। यह विशेष प्रसाद इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल उद्योगपतियों को भी दिया जाएगा।

**उज्जैन के समृद्ध धार्मिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्व से रूबरू होंगे उद्योगपति:** मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण के साथ उज्जैन के समृद्ध धार्मिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्व से भी उद्योगपतियों रूबरू होंगे। कालिदास, वराहमिहिर, बाणभट्ट, राजशेखर, पुष्पदंत, शंकराचार्य, वल्लभाचार्य, भर्तृहरि, दिवाकर, कात्यायन और बाण जैसे विविध क्षेत्रों के महान विद्वानों का उज्जैन से जुड़ाव रहा है। राजा विक्रमादित्य ने इस शहर को अपनी राजधानी बनाया। महान विद्वान संस्कृतक कालिदास राजा विक्रमादित्य के दरबार में थे। उज्जैन का वर्णन स्कंदपुराण में मिलता है और इसे मंगल गृह की उत्पत्ति का स्थान माना जाता है।